NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-28, पृष्ठ : 12 | रविवार, 03 अगस्त, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# दर्दनाक: गोंडा में बोलेरो नहर में गिरी, 11 मरे

**मृतकों में एक ही परिवार के नौ लोग**

**नहर में डूबी गाड़ी के अंदर छटपटाते रहे**



> हम सभी लोग मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। जिस वक्त हादसा हुआ, हम भजन गा रहे थे। लेकिन अचानक गाड़ी फिसल गई और नहर में जा गिरी। इसके बाद क्या हुआ, कुछ याद नहीं है। सब कुछ धुंधला सा हो गया।
>
> हादसे में बची एक किशोरी

**गोंडा।** जिले में बोलेरो बेकाबू होकर सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर एक ही परिवार के हैं। बोलेरो में 15 लोग सवार थे। सभी पृथ्वीनाथ मंदिर जल चढ़ाने जा रहे थे।

हादसा मोतीगंज थाना क्षेत्र में सुबह 10 बजे हुआ। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। करीब 10 मिनट बाद आस-पास के लोग और पुलिस भी पहुंच गई। इसके बाद रेस्क्यू शुरू हुआ, लेकिन बोलेरो के गेट नहीं खुल रहे थे। लोग गाड़ी के अंदर ही छटपटा रहे थे। किसी तरह लोगों ने कार के शीशे तोड़कर सभी को बाहर निकाला। सभी को उढफ दिया गया, लेकिन 8 लोगों को होश नहीं आया। जबकि 4 लोगों को होश आने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल बोलेरो अभी भी नहर में फंसी हुई है। तीन थानों के करीब 100 पुलिसकर्मी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं। मरने वालों की पहचान बीना (35), काजल (22), महक (12), दुर्गेश, नंदिनी, अंकित, शुभ, संजू वर्मा, अंजू, अनसुइया और सौम्या के रूप में हुई है।

**चश्मदीदों ने बताया भयावह मंजर**

स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह करीब 6.00 बजे एक जोर की आवाज सुनाई दी। कुछ ही देर में लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि बोलेरो नहर में समा चुकी थी। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और खुद भी बचाव कार्य में जुट गए। बाद में प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम ने मोर्चा संभाला।

**मौके पर पहुंचे डीएम और एसपी**

हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल मौके पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एनडीआरएफ की टीम, पुलिस बल और स्थानीय गोताखोरों ने शवों की तलाश शुरू की। अब तक 11 शव बरामद किए जा चुके हैं। एक व्यक्ति की तलाश अब भी जारी है, जबकि तीन लोग किसी तरह बाहर निकलकर बच गए। डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है। राहत व बचाव कार्य जारी है। मृतकों के परिवार को हर संभव सहायता दी जाएगी। लापता व्यक्ति की खोज के लिए एनडीआरएफ और स्थानीय टीम लगातार प्रयास कर रही है।

**तेजस्वी यादव की बढ़ी मुश्किलें**

## दो-दो वोटर आईडी कार्ड को लेकर चुनाव आयोग ने शुरू की जांच



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एक नए विवाद में फंस गए हैं। तेजस्वी पर दो अलग-अलग वोटर आईडी कार्ड रखने का आरोप है। चुनाव आयोग ने इस मामले की जांच शुरू करने का फैसला किया है।

यह विवाद तब शुरू हुआ, जब तेजस्वी ने दावा किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में उनका नाम नहीं है। तेजस्वी ने शनिवार को पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने अपने ईपीआईसी नंबर (आरएबी2916120) को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सर्च किया, लेकिन 'नो रिकॉर्ड फाउंड' का मैसेज आया। उन्होंने इसे 'लोकतंत्र पर हमला' करार देते हुए आयोग पर सवाल उठाए।

हालांकि, चुनाव आयोग ने उनके दावे को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि तेजस्वी का नाम वोटर लिस्ट में मतदान केंद्र संख्या 204, क्रमांक 416 पर दर्ज है। उनका वैध ईपीआईसी नंबर आरएबी0456228 है।

चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि तेजस्वी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाया गया ईपीआईसी नंबर आरएबी2916120 पिछले 10 साल के रिकॉर्ड में कहीं नहीं मिला। आयोग को संदेह है कि यह नंबर फर्जी या गैरकानूनी तरीके से बनाया गया हो सकता है। दूसरी ओर ईपीआईसी नंबर आरएबी 0456228, जिसके आधार पर तेजस्वी ने 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव लड़े, आधिकारिक रिकॉर्ड में मौजूद है।

चुनाव आयोग ने कहा कि अगर दूसरा ईपीआईसी नंबर फर्जी पाया गया, तो यह जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत गंभीर अपराध होगा। चुनाव आयोग इस मामले में गहन जांच कर रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या राजद कार्यालय से अन्य फर्जी वोटर आईडी बनाए गए हैं।

**पहलगाम हमला, मणिशंकर बोले**

## पाकिस्तान जिम्मेदार, दुनिया मानने को तैयार नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि हमारे सांसद पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान को बेनकाब करने दुनिया भर में गए, लेकिन किसी ने हमारी बात नहीं मानी। हम इकलौते हैं, जो अपनी छाती पीट-पीटकर कहते हैं कि हाय-हाय पाकिस्तान जिम्मेदार है, लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं।

अय्यर ने बातचीत में आगे कहा कि यहां तक की संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका ने भी पाकिस्तान को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। कोई मानने को तैयार नहीं, क्योंकि हम कोई सबूत पेश नहीं कर पा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख दुनिया को बताने के लिए 7 डेलिगेशन को 33 देशों में भेजा था। डेलिगेशन में 59 सदस्य थे, जिनमें 51 नेता और 8 राजदूत शामिल थे। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या की थी। 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। दोनों देशों के बीच 10 मई को शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी।

## गुजरात-एमपी समेत कई राज्यों को आज नई ट्रेनों की सौगात

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने गुजरात के भावनगर से उत्तर प्रदेश के अयोध्या कैंट को जोड़ने वाली एक नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन शुरू की है। रेलवे ने अपने बयान में कहा, 'ट्रेन संख्या 19201/19202 भावनगर-अयोध्या कैंट-भावनगर एक्सप्रेस का उद्देश्य गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में लंबी दूरी की कनेक्टिविटी को बढ़ाना है।' नई ट्रेन का उद्घाटन आज भावनगर से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा किया जाएगा। ये विशेष ट्रेन लगभग 28 घंटे 45 मिनट में कुल 1,552 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह ट्रेन अयोध्या कैंट पहुंचने से पहले वडोदरा, आबू रोड, अजमेर, जयपुर, कानपुर और लखनऊ जैसे प्रमुख शहरों से गुजरेगी। इसके साथ ही आज इन ट्रेनों का उद्घाटन होना है। इसमें मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय भी उपस्थित रहेंगे।

रीवा और पुणे के बीच नई ट्रेन सेवा

जबलपुर और रायपुर को जोड़ने के लिए एक नई ट्रेन की शुरूआत

कार्यक्रम में मौजूद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रहेंगे। रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रहेंगे उपस्थित। एक साथ तीन नई गाड़ियों की होगी शुरूआत।



# उफान पर गंगा, एक लाख घरों में पानी

## वाराणसी, प्रयागराज में बाढ़ के आसार, एमपी में 9 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के तेज बारिश के कारण 12 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। इनमें प्रयागराज, काशी जिले शामिल हैं। वाराणसी और प्रयागराज में गंगा का पानी एक लाख से अधिक घरों में घुस गया है।

रविवार सुबह 6 बजे गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 20 सेमी ऊपर बह रहा है, खतरे का निशान 71.4 मीटर है। आज राज्य के 71 जिलों में बारिश का अलर्ट है। 7 जिलों में बहुत तेज बारिश हो सकती है। बिहार के सभी 38 जिलों में रविवार का तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है। 18 जिलों में ऑरेंज तो 20 जिलों में यलो अलर्ट है। बीते 24 घंटे में पटना समेत 13 जिलों में बारिश हुई। पटना में 666.20 एमएम बारिश दर्ज की गई है। यहां सड़कों पर 2 फीट तक पानी भरा।

मध्य प्रदेश में 9 जिलों में आज तेज बारिश हो सकती है। अगले 24 घंटे में साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है। साथ ही अगले 2 दिन तक ऐसा मौसम बना रहेगा। हिमाचल प्रदेश के शिमला में मलबा हटा रही जेसीबी पर पहाड़ी से बड़ा से पत्थर गिरा। जेसीबी खाई में गिरी, घटना में ड्राइवर की मौत हो गई।





राजस्थान के 9 जिलों में भी बारिश का यलो अलर्ट है। यहां बीकानेर के नोखा में दो मकान ढह गए। आस-पास के 7 मकान भी खाली कराए गए हैं। हनुमानगढ़ में भी एक मकान गिरा।

प्रयागराज में रविवार को गंगा का जलस्तर 86 मीटर के करीब पहुंच गया है। बांध में रिसाव के चलते शनिवार देर रात हड़कंप मचा रहा। बालू भरी बोरी डालकर बांध को बचाने की कवायद की जाती रही। गंगा और यमुना के किनारों पर स्थित दो दर्जन से अधिक मुहल्लों के हजारों घर जलमग्न हो गए हैं। अब बाढ़ का पानी शहर के पाश इलाके अशोक नगर, राजापुर की तरफ बढ़ रहा है। पानी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को भोर से ही हो रही मूसलाधार बारिश ने स्थिति को और भी भयावह कर दिया है। बाढ़ राहत शिविर में भीड़ काफी बढ़ गई है। दस हजार से अधिक लोग शरण लिए हुए हैं। यह संख्या और भी बढ़ रही है।

काशी में गंगा खतरे के निशान 71.26 को पार गई है। शनिवार रात 12 बजे गंगा का जलस्तर 71.31 मीटर पहुंच गया। 84 घाटों को डुबोने के बाद अब गंगा शहर में प्रवेश कर चुकी हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार से गंगा 14 सीढ़ी नीचे हैं।

दशाश्वमेध घाट की तीन सीढ़ियां बची हैं। शीतला घाट पर मंदिर पूरी तरह से पानी में समाहित हो चुका है और सिंधिया घाट पर रत्नेश्वर महादेव के मंदिर के शिखर का कुछ हिस्सा ही नजर आ रहा है। नमो घाट पर बने स्क्ल्पचर भी डूब गए हैं। लोग घरों में फंसे हैं। अस्सी घाट पर गंगा का पानी सड़क पर बह रहा है। जगन्नाथ मंदिर के गेट के पास पहुंच गया है।

दशाश्वमेध घाट की तीन सीढ़ियां बची हैं। शीतला घाट पर मंदिर पूरी तरह से पानी में समाहित हो चुका है और सिंधिया घाट पर रत्नेश्वर महादेव के मंदिर के शिखर का कुछ हिस्सा ही नजर आ रहा है। नमो घाट पर बने स्क्ल्पचर भी डूब गए हैं। लोग घरों में फंसे हैं। अस्सी घाट पर गंगा का पानी सड़क पर बह रहा है। जगन्नाथ मंदिर के गेट के पास पहुंच गया है।

# कश्मीर के अखल में सर्च ऑपरेशन आज भी जारी

## दो आतंकवादी ढेर, 2 की तलाश



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुलगाम के अखल जंगल में आतंकियों की तलाश का रविवार को तीसरा दिन है। यहां अभी भी 2 आतंकियों के छिपे होने आशंका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक आतंकी घायल है।

1 अगस्त की रात से शुरू हुए सर्चिंग ऑपरेशन के बाद शनिवार को सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को ढेर किया था। एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के तौर पर हुई थी। सी-कैटेगरी का आतंकी हारिस उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से अङ-47 राइफल, मैगजीन-ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुआ था। एनकाउंटर के दौरान शनिवार को सेना का जवान घायल हुआ था। रविवार को एक और जवान घायल हुआ। दोनों का श्रीनगर के 92 बेस हॉस्पिटल रेफर में इलाज जारी है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ 'ऑपरेशन अखल' को अंजाम दे रहे हैं। आतंकियों की तलाश के लिए हाईटेक सर्विलांस सिस्टम यूज में लाया जा रहा है।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश- 40 शवों की पहचान पर संदेह

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया प्लेन क्रैश में मारे गए 52 ब्रिटिश नागरिकों के परिजन शवों की पहचान को लेकर गंभीर चिंता जता रहे हैं। ब्रिटेन की लीगल फर्म की स्टोन लॉ के मुताबिक, भारत से भेजे गए 12 शवों में से दो की पहचान गलत पाई गई।

इस हिसाब से 40 शवों की पहचान पर संदेह जताया जा रहा है, जबकि कई शवों का अंतिम संस्कार भी हो चुका है। ब्रिटिश वकील जेम्स हीली-प्रैट ने भारत की जांच एजेंसी एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) से अपील की है कि वे कॉकपिट रिकॉर्डिंग और फ्यूल-कटऑफ जैसे अहम सबूत

**ब्रिटिश परिवार डीएनए की पुष्टि के इंतजार में; दावा- भारत से भेजे गए 2 शव गलत**



परिवारों को दें। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच इस मुद्दे पर हाल में हुई चर्चा के बाद डीएनए की प्रक्रिया में तेजी आई है। कुछ शवों के डीएनए से मेल खाने की पुष्टि जल्द होने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, टाटा समूह द्वारा ?500 करोड़ के मुआवजे की योजना पर भी परिजन स्पष्टता की मांग कर रहे हैं, क्योंकि भारत, इंग्लैंड और अमेरिका में कानूनी कार्यवाही में समय लगता है। परिजन ने जांच में पारदर्शिता की भी मांग की है।

# अमरनाथ यात्रा समय से एक हफ्ते पहले बंद

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा को कल से रोक दिया गया है। यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से इसे 3 अगस्त को ही रोक दिया गया।

कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि यात्रा मार्गों को बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा है। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर मरम्मत का काम होगा, इसलिए यात्रा को रोकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि रास्तों पर मशीनों और कर्मियों की लगातार तैनाती के चलते यात्रा फिर से शुरू करना संभव नहीं है।

अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होनी थी। इस साल अब तक 4.10 लाख श्रद्धालु अमरनाथ गुफा में दर्शन कर चुके हैं, जबकि पिछले साल 5.10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे।



अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। इस दौरान सुबह बाबा अमरनाथ की पहली आरती की गई थी। इस बार यात्रा केवल 1 महीना ही चल पाई। यात्रा के दौरान लगभग 50,000 सीआरपीएफ जवान तैनात किए गए थे।

2024 में यह यात्रा 52 दिनों की थी। 2023 में 62 दिन, 2022 में 43 दिन और 2019 में 46 दिनों तक यात्रा चली। 2020-21 में कोरोना महामारी के कारण यात्रा स्थगित रही। 2024 में 52 दिनों तक चली अमरनाथ यात्रा में 5.1 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
www.nnindianews.com
रविवार, 03 अगस्त, 2025





फ्रेंडशिप डे पर युवाओं में छाया खुमार। एक दूसरे को तोहफा देते व सेल्फी लेते छात्र-छात्राएं।

## फ्रेंडशिप डे पर गिफ्ट्स की भरमार

**आगरा एनएनआई।** अगस्त के पहले रविवार को फ्रेंडशिप डे के तौर पर मनाया जाता है आजकल लोग न सिर्फ अपने दोस्त, प्रेमी के साथ अपितु अपने माता-पिता के साथ भी कस्टमाइज्ड फोटो, कोलॉज, पिलो, फोटो कीरिंग, कॉफी मग्स बनवाने आए है। खंदारी स्थित जैस्मीन गिफ्ट के संचालक भूपेश कालरा ने बताया कि श्री कृष्ण स्टेच्यू की डिमांड फ्रैंडशिप डे पर होती है। फ्रेंडशिप बैंड की सबसे ज्यादा डिमांड रही है, बैंड्स अलगबलग तरह के बिक रहे है व कस्टमाइज्ड बैंड्स की भी मांग है,साथ ही साथ सॉफ्टवेयर में टेडी कपल व कपल रिंग्स की भी डिमांड इस समय जोरों पर है।








# अंधविश्वास में मां ने थप्पड़ मार-मारकर ली बीमार बेटे की जान

### बोलीं- बाबा की सवारी ने कहा था पुत्र पर आया शैतान

एनएनआई

**कोसीकलां।** अंधविश्वास में एक मां ने अपने ही बीमार 12 वर्षीय बेटे की थप्पड़ मार-मार कर जान ले ली। बेटे के मुंह में सूजन आने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार करा दिया। मां का कहना है कि इलाज कराने में रुपये खत्म हो गए थे। मां ने कहा उस पर बाबा आते हैं। बाबा ने बताया कि बेटे पर शैतान का साया है। इसलिए बेटे को थप्पड़ मारे और वह मर गया।

दहगांव निवासी यादराम का 12 वर्षीय बेटे अंश को कुछ दिन पहले बर्र ने काट लिया था। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। स्वजन ने गांव में ही झोलाछाप से इलाज कराया। कई



दिन इलाज चलने के बाद भी बालक की तबीयत ठीक नहीं हुई। दो दिन से उसने खाना-पीना भी बंद कर दिया।

यादराम की पत्नी ने बताया कि उस पर एक बाबा की सवारी आती है। जब बाबा की सवारी आई तो बाबा ने बताया कि उसके बेटे पर शैतान का साया है। ठीक करना है तो उसे थप्पड़ मारो। इससे शैतान भाग जाएगा। इसके बाद मां ने अपने 12 वर्षीय बेटे को इतने थप्पड़ मारे कि उसके चेहरे पर सूजन आ गई। लेकिन किशोर ठीक नहीं हुआ। इसके बाद स्वजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उसे भर्ती कराया। शनिवार सुबह 11 बजे इलाज के दौरान किशोर की मृत्यु हो गई। मृतक की मां ने बताया कि काफी इलाज कराने के बाद भी बेटा ठीक नहीं हुआ। वह गरीब परिवार से है। इलाज कराने में सारे रुपये खत्म हो गए। इसके बाद बाबा ने जैसा कहा, उसने वैसा कर दिया।

किशोर की मृत्यु के बाद स्वजन ने पुलिस को सूचना नहीं दी और शव लेकर गांव गए, जहां अंतिम संस्कार करा दिया। महिला के बयान का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि फिलहाल ऐसा कोई प्रकरण उनकी संज्ञान में नहीं आया है। इसकी जांच कराकर जानकारी जुटाई जाएगी।

# प्रेमानंद महाराज को युवक ने दी फेसबुक पर धमकी, आक्रोश

एनएनआई

**मथुरा।** संत प्रेमानंद महाराज पर सतना जिले के युवक की फेसबुक पोस्ट ने वृंदावन के संतों में आक्रोश पैदा कर दिया है। यहां संतों ने एलान कर दिया है कि संत प्रेमानंद ब्रज की शान हैं, कोई धमकी देगा तो वह छोड़ेंगे नहीं। संतों ने तो यहां तक कह दिया है कि उनके लिए वह पहली गोली खाने के लिए भी तैयार हैं।

गौरतलब है कि अभी हाल ही में संत प्रेमानंद महाराज ने एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने लड़के-लड़कियों के चरित्र पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने इस दौरान यह कहा था कि 100 में से दो चार लड़कियां ही पवित्र हैं। यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था कि तो उसके बाद वृंदावन के संतों ने विरोध प्रकट किया था।

इसके बाद सतना के एक युवक ने फेसबुक पर धमकी भरे लहजे में लिखा कि महाराज अगर मेरे घर के बारे में बोलता तो मैं उसकी गर्दन उतार लाता। फिर चाहे प्रेमानंद हो या कोई और। इसके बारे में जब वृंदावन के संतों को जानकारी हुई तो उनमें आक्रोश फैल गया। श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश फलाहारी ने कहा है कि महाराज ब्रज की शान हैं। उनके लिए इस तरह की भाषा कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। रसिक संत मोहिनी बिहारी शरण का कहना है कि संत के लिए सोशल मीडिया पर ऐसे कटुवचन लिखना निश्चित तौर पर खराब है। ऐसे युवक के खिलाफ सतना पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं जमीन कारोबारी राजेंद्र चौहान का कहना है कि महाराज ने जो कहा, वह अपनी जगह है लेकिन किसी को इस तरह से कहने को अधिकार नहीं है। ऐसे युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

एनएनआई

**हाथरस।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर विवाहिता के मायके पक्ष के लोग और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और जांच पड़ताल में जुट गई। मायके पक्ष का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी की हत्या की गई है। घटना सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के रामपुर की है।

कोतवाली हसायन क्षेत्र के दंडोली निवासी प्रताप सिंह की 22 वर्षीय बेटी पिंकी की शादी सिकंद्राराऊ क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी रवि पुत्र भीष्म पाल के साथ ढाई साल पहले हुई थी। शादी के बाद पिंकी ने एक बच्चे को भी जन्म दिया। मायके पक्ष का आरोप है कि उन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार दान दहेज भी दिया था, लेकिन इसके बाद भी दहेज की मांग को लेकर ससुराल के लोग पिंकी का उत्पीड़न करते थे। आज शाम इन लोगों को यह सूचना मिली कि ससुराल के लोगों ने पिंकी की हत्या कर दी है और मारपीट के बाद उसके शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया है। इस पर यह लोग उसकी ससुराल पहुंचे। उसका शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। जानकारी मिलने पर कोतवाली सिकंदराराऊ पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद ससुरालीजन मौके से फरार हो गए।

# फिरोजाबाद में बुखार से युवक की मौत के बाद हंगामा

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** बुखार से पीड़ित एक युवक की मृत्यु के बाद परिजनों ने झोलाछाप चिकित्सक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। श्रीपाल कालोनी निवासी 30 वर्षीय सचिन, जो लकड़ी का फर्नीचर बनाने का काम करता था, कुछ दिनों से बुखार से पीड़ित था।

सचिन महादेव नगर स्थित एक झोलाछाप की दुकान पर उपचार करा रहा था। शनिवार को वह फिर से दवा लेने गया था। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप ने उसे गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और मुंह से झाग निकलने



लगा। परिजन उसे तुरंत ट्रामा सेंटर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन सचिन का शव लेकर झोलाछाप की दुकान पर पहुंचे और दुकान के आगे शव रखकर सड़क जाम लगा दिया।

सूचना मिलने पर थाना उत्तर, दक्षिण, रसूलपुर और रामगढ़ के थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। परिजन मुआवजे की मांग पर अड़े थे। दो घंटे बाद पुलिस ने उन्हें आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया, तब जाकर परिजन शव लेकर गए। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। छोटे भाई टीटू शर्मा ने बताया कि सचिन की करीब 15 माह पूर्व ही शादी हुई थी और उसकी डेढ़ महीने की बेटी है। इंस्पेक्टर संजुल पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में फेफड़े की बीमारी से मरीज की मृत्यु की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि उसका लंबे समय से उपचार चल रहा था और परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# सीएम योगी पांच अगस्त को आएंगे ताजनगरी

- अटलपुरम टाउनशिप की करेंगे लॉन्चिंग, अधिकारी तैयारियों में जुटे

एनएनआई



**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 5 मई को आगरा आएंगे। आयुक्त सभागार में आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी की मंडलीय समीक्षा होगी। इससे पहले ककुआ और भांडई में विकसित हो रही अटलपुरम टाउनशिप की लॉन्चिंग करेंगे। इसके लिए अटलपुरम की शिलापट्टिका तैयार हो गई है।

सीएम योगी के आगमन को लेकर पुलिस और प्रशासन सहित सभी विभाग शनिवार को तैयारियों में जुटे रहे। सीएम की प्राथमिकता में नगर विकास, पर्यटन और सड़क कार्य शामिल हैं। इनके अलावा अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा होगी। मंत्री, सांसद और विधायकों संग भी सीएम योगी बैठक करेंगे। धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए शिवालय सर्किट पर चर्चा हो सकती है।

बटेश्वर से लेकर शहर में प्रमुख शिव मंदिरों को मिलाकर एक शिवालय सर्किट प्रस्तावित है। पर्यटन प्रोत्साहन योजना के तहत आगरा में 300 करोड़ रुपये से अधिक रुपये बटेश्वर और कैलाश सहित 20 से अधिक मंदिरों के जीर्णोद्धार व श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर सरकार खर्च कर रही है। मंडल स्तर पर धार्मिक पर्यटन के अलावा सड़क निर्माण, गड्ढे और पुल-पुलिया की समीक्षा होगी। नगर विकास की अन्य योजनाओं पर भी मुख्यमंत्री चर्चा करेंगे। डीएम अरविंद एम बंगारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां चल रही हैं। शासन से अभी कार्यक्रम नहीं आया है।

**2242 करोड़ से विकसित होगी अटलपुरम टाउनशिप**

ग्वालियर हाईवे स्थित ककुआ और भांडई गांव में 138 हेक्टेयर भूमि पर तीन चरण में 2242 करोड़ रुपये से 11 सेक्टर में अटलपुरम टाउनशिप विकसित होगी। इसके पहले चरण की लॉन्चिंग मुख्यमंत्री करेंगे। लॉन्चिंग के लिए एडीए ने अटलपुरम की शिलापट्टिका बनवाई है। लॉन्चिंग समारोह भी आयुक्त सभागार में होगा। इस योजना के लिए एडीए 750 करोड़ रुपये से जमीन खरीदेगा। करीब 1500 करोड़ रुपये में टाउनशिप का आंतरिक व बाहरी विकास होगा।

# 'डीएम दरबार' में राजस्व विभाग की आई सबसे ज्यादा शिकायतें

- बारिश से नुकसान पर 24 घंटे में सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश
- लगातार प्रार्थना पत्र देने पर भी नहीं हो रहा समस्याओं का समाधान

एनएनआई



**एत्मादपुर।** जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने बारिश की आपदा से होने वाले नुकसान का 24 घंटे में आंकलन कर प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। जिलाधिकारी के 'जनता दरबार' में शनिवार को राजस्व विभाग से संबंधित सबसे ज्यादा शिकायतें आईं। रिटायर्ड फौजी समेत कई फरियादियों ने लगातार शिकायत दर्ज कराएं जाने पर भी समस्याओं का समाधान नहीं होने की पीड़ा व्यक्त की। दोपहर 12.40 बजे संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी को फरियादी इंतजार करते मिले तो उन्होंने किसी को निराश नहीं किया। मुख्य गेट पर गाड़ी से उतरते ही उन्होंने पीड़ितों की शिकायत सुनना शुरू कर दिया। सभागार में पहुंचकर उन्होंने सभी की बारी-बारी से सुनवाई की।

इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 94 जनशिकायतें आईं। इनमें सबसे अधिक 52 राजस्व विभाग और 12-12 पुलिस एवं बिजली विभाग से जुड़ी थी। त्वरित सुनवाई में नौ का मौके पर ही निस्तारण हो गया। अन्य का निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता पूर्ण स्थाई समाधान किए जाने के संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में जिले की स्थिति अच्छी है। सरकार के सभी विभागों को इसे कायम रखना है। बारिश से गांवों में उत्पन्न जलभराव की स्थिति से निपटने के प्रभावी इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में कुछ क्षेत्रों में बारिश से नुकसान हुआ है। सभी प्रभावित लोगों को 24 घंटे के अंदर आंकलन कराकर सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर एडीएम न्यायिक धीरेन्द्र कुमार, सीएमओ डा.अरुण कुमार श्रीवास्तव, बीएसए जितेंद्र गौड, एसडीएम रामकृष्ण चौधरी, तहसीलदार देवेंद्र प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार हरी लाल चौधरी, बीडीओ विजय कुमार अग्रवाल, एसडीओ विद्युत प्रमोद कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर आलोक कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## दिव्यांग को देखते ही कुर्सी पर बैठवाया, दिलाई ट्राईसाईकिल



संपूर्ण समाधान दिवस में पैरों से विकलांग राकेश कुमार मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल की फरियाद लेकर हाथों के बल पहुंचे तो जिलाधिकारी ने उन्हें देखते ही सबसे पहले कुर्सी पर बैठवाया और फिर ट्राईसाईकिल भी दिलवाई।

# पेड़ से टकराई कार और दो बसें, कई घायल

**आगरा एनएनआई।** शाहगंज थाना क्षेत्र में टाटा गेट के समीप शनिवार तड़के 3 बजे करीब सड़क हादसा हो गया। जयपुर से आगरा आ रही एक कार और दो बस पेड़ से जा टकराई। हादसे में कई लोग घायल हो गए। हादसे की वजह सड़क किनारे पेड़ बताया जा रहा है। इस हादसे में तीन पुलिस कर्मी भी घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस, कार और पेड़ को क्रेन से हटाया जा रहा है। कार चालक ने बताया कि वो खाटू श्याम के दर्शन कर घर लौट रहे थे। सामने से आ रही गाड़ियों की तेज लाइट के कारण उन्हें पेड़ नहीं दिखा। जिससे कार सड़क पर पेड़ से जा टकराई। कार चालक ने हादसे का जिम्मेदार वन विभाग को बताया है। उन्होंने कहा कि अगर पेड़ सड़क पर नहीं होता तो ये हादसा नहीं होता। बस चालक नसरुद्दीन ने बताया कि वो जयपुर से आगरा की ओर आ रहे थे। क्रेटा बस के आगे चल रही थी। जैसे ही कार पेड़ से टकराई, उसे बचाने के प्रयास में बस को पेड़ पर चढ़ाना पड़ा। सूचना पर पुलिस आ गई। इसी दौरान साइड पर दूसरी बस जा टकराई। जिसकी चपेट में तीन पुलिस कर्मी आ गए। हादसे में तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए। सिपाही मोहित यादव और रोहित यादव गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है, और रास्ते को साफ किया जा रहा है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# क्लीनर का शव मिला, चालक की तलाश

एनएनआई

**आगरा।** राजस्थान के मनिया इलाके में पार्वती नदी की रपट पर शुक्रवार को डूबे मिनी ट्रक के क्लीनर मुकेश का शव मिल गया है। पुलिस और एसडीआरएफ द्वारा चलाए जा रहे तलाशी अभियान में शनिवार दोपहर टीम को मुकेश का शव मिला, लेकिन अभी भी ट्रक चालक राकेश और मिनी ट्रक का कोई पता नहीं चला है। उधर, जिला प्रशासन द्वारा गोताखोरों के जरिए नदी की गहराई में तलाश की जा रही है। पार्वती नदी का तेज बहाव राहत और बचाव कार्य में बाधा बन रहा है।

शुक्रवार को पूर्वी राजस्थान के धौलपुर जिले के मनिया थाना इलाके में राडोली की रपट पर एक मैक्स गाड़ी सवार चार व्यक्ति रपट को पार करने का प्रयास कर रहे थे। एक व्यक्ति मुकेश जाटव निवासी बमरौली कटारा आगरा पानी का तेज भाव देखकर रपट के इसी किनारे उतर गया, लेकिन बाकी तीन ने गाड़ी के साथ रपट से निकलने का प्रयास किया। पार्वती नदी के तेज बहाव में गाड़ी सहित तीनों सवार बह गए।



मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उनमें से एक एक युवक रवि पुत्र हीरा सिंह ठाकुर निवासी रोशन नगर थाना ताजगंज को बचा लिया, लेकिन अन्य दो व्यक्ति मैक्स चालक राकेश कुमार (50) पुत्र रोशन लाल और मुकेश (42) पुत्र रज्जो निवासी तुलसी नगर थाना ताजगंज पानी में बह गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची मनिया थाना पुलिस ने एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से पानी में बहे दोनों युवकों की तलाश की, लेकिन देर शाम तक उनका कोई पता नहीं चल सका।

पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने शनिवार को एक बार फिर से तलाशी अभियान शुरू किया। दोपहर में टीम ने मुकेश का शव निकाल लिया। देर शाम तक ट्रक के चालक राकेश कुमार और मिनी ट्रक के बारे में कुछ पता नहीं लग सका। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने शनिवार को ऑक्सीजन के सिलिंडर के साथ में पार्वती नदी की गहराई में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

बताते चलें कि बीते दो दिन से धौलपुर जिले के आंगई गांव में स्थित पार्वती बांध का जलस्तर बढ़ने के कारण बांध के 6 गेट खोलकर पानी की निकासी के चलते पार्वती नदी में पानी की आवक हो रही थी। मनिया थाना इलाके में पार्वती नदी की रपट पर करीब दो फुट पानी चल रहा था। इसके बाद मैक्स गाड़ी पानी में बह गई। सिंचाई विभाग के मुताबिक अब सिंचाई विभाग के गेट बंद किए गए हैं। इसके बाद राहत एवं बचाव अभियान और तेजी से चलाया गया।

# मुठभेड़ में पकड़े चांदी चोर, एक गोली से घायल

एनएनआई

**आगरा।** मदन मोहन गेट थाना क्षेत्र में बीती रात पुलिस और चोरों के बीच मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जबकि पुलिस ने घायल समेत चार चोरों को मौके से दबोच लिया। पकड़े गए सभी आरोपी दो दिन पहले नूरी गेट स्थित एक कारोबारी के प्रतिष्ठान से चांदी और नगदी चोरी करने में शामिल थे। पुलिस ने इनके कब्जे से चुराई गई चांदी बरामद कर ली है। घायल चोर शरद को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

एसीपी कोतवाली शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि शुक्रवार की रात नूरी गेट क्षेत्र में एक चांदी और पेठा कारोबारी के कारखाने में सेंध लगाकर करीब चार किलो चांदी और नगदी चोरी की गई थी। पुलिस इन आरोपियों की तलाश में जुटी थी। शनिवार रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध युवकों को रोकने की कोशिश की तो वे बाइक छोड़ भागने लगे।

भागते समय बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। इसी दौरान बदमाश शरद उर्फ लल्लू के पैर में गोली लग गई और वह गिर पड़ा। जबकि उसके साथी सौरव, पंकज और हिमांशु को पुलिस घेराबंदी कर पकड़ लिया। इस दौरान इनका एक साथी अमित फरार हो गया। उसकी तलाश जारी

गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी की गई चांदी और एक अवैध तमंचा बरामद किया गया है। वहीं घायल आरोपी शरद को पुलिस सुरक्षा में इलाज के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि इनका आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
रविवार, 03 अगस्त, 2025


# पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट खंडपीठ की मांग तेज, आंदोलन को धार देगा युवा अधिवक्ता संघ

- नितिन वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में बैठक संपन्न, केंद्र सरकार पर लगाया उपेक्षा का आरोप

एनएनआई

**आगरा।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में हाईकोर्ट की चौथी बेंच स्थापना के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं में आक्रोश तेज हो गया है। उच्च न्यायालय खंडपीठ स्थापना संघर्ष समिति के प्रवक्ता एवं युवा अधिवक्ता संघ आगरा मंडल अध्यक्ष नितिन वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की एक अहम बैठक समिति कार्यालय पर आयोजित की गई, जिसमें खंडपीठ की मांग को लेकर आगामी आंदोलन की रणनीति तय की गई। नितिन वर्मा ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 249 के तहत राज्यसभा दो-तिहाई बहुमत से प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रीय महत्व के विषयों



को केंद्र के अधीन ला सकती है। इसी आधार पर केंद्र सरकार राज्य सरकार की सिफारिश पर उच्च न्यायालय की बेंच स्थापित कर सकती है, जैसा कि कर्नाटक के धारवाड़ व गुलबर्गा में और लखनऊ बेंच के गठन में हुआ।

वर्तमान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों में लगभग 9 से 10 करोड़ की आबादी, 1 लाख से अधिक गांव और 10 लाख से अधिक लंबित मुकदमे हैं। इस क्षेत्र को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के लिए हाईकोर्ट बेंच का गठन अनिवार्य है। इसकी उपेक्षा संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है, खासतौर पर अनुच्छेद 14 (विधि के समक्ष समता) का। बैठक में तय हुआ कि मंगलवार को इस विषय पर वृहद बैठक होगी, जिसमें विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस दौरान उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी माहेश्वरी, महासचिव मनीष अग्रवाल जोली, सिकंदर सेहरा, प्रवेंद्र सिंह, राहुल कुमार, अजीत सिंह, राजेंद्र कुमार, वीरेंद्र पाल सिंह, देव कुमार गौतम, एस.पी. सिंह, हरेंद्र तरकार, उमेश वर्मा, मानिक चंद सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## स्कूल बंदी के खिलाफ आप का हल्लाबोल, लखनऊ में गूंजी ताजनगरी की आवाज




**आगरा/लखनऊ (एनएनआई)।** उत्तर प्रदेश में स्कूलों को बंद करने के फैसले के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने 2 अगस्त को राजधानी लखनऊ के इको पार्क में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन आप के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह तथा ब्रज प्रांत अध्यक्ष डॉ. हृदेश चौधरी के निर्देश पर आयोजित किया गया। आगरा से पार्टी जिलाध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ चतुर्वेदी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने इस विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल बंद करने के निर्णय को छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय बताते हुए, इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का यह कदम शिक्षा व्यवस्था को पीछे धकेलने वाला है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया तो राज्यव्यापी आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता एवं आगरा उत्तर विधानसभा प्रभारी प्रशांत यादव, इंद्र कुमार वर्मा, ताजुद्दीन खान, अरुण प्रताप गहलोत, मनोज राम सहित अन्य कार्यकर्ता भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा के साथ पर्यावर ा संरक्ष ा का संकल्प

रोटरी क्लब आगरा ग्रेटर ने लगाया शिविर, किया वृक्षारोपण



**आगरा (एनएनआई)।** रोटरी क्लब ऑफ आगरा ग्रेटर की ओर से वीरांगना अवंती बाई राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, कलाल खेरिया (फतेहाबाद रोड) में नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों की जांच और परामर्श के लिए अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। डॉ. सुधीर गोयल (डेंटल सर्जन), डॉ. डीसी गुप्ता (आई स्पेशलिस्ट), डॉ. अंजलि गोयल एवं पूर्व सीएमओ डॉ. लीला गुप्ता ने मरीजों का परीक्षण कर परामर्श दिया। विद्यालय में आयोजन की अनुमति के लिए प्रधानाचार्या डॉ. कमल अरोरा, स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. भावना अस्थाना और पर्यावरण प्रभारी श्वेता शर्मा का क्लब की ओर से माला-पटुका पहनाकर सम्मान किया गया। स्वास्थ्य शिविर के उपरांत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉ. तनवीर कंवर, पूर्व अध्यक्ष एवं डिस्ट्रिक्ट मेम्बरशिप चेयर थान सिंह, निदेशक अंशु सेठ, पूर्व अध्यक्ष भारती अरविंद, सचिव रो. विकास अग्रवाल, संयुक्त सचिव डॉ. लीला गुप्ता, डॉ. मोहित गुप्ता, करण कांत व हिना खान आदि उपस्थित रहे।

## भाविप ने मंडी में बांटे कपड़े के थैले, पॉलिथीन के दुष्प्रभावों पर दिया संदेश



**आगरा (एनएनआई)।** भारत विकास परिषद् अमृतम् शाखा द्वारा शनिवार को संस्कृति माह के अंतर्गत आयोजित पांचवें कार्यक्रम में पॉलिथीन मुक्त भारत की दिशा में प्रेरणादायक पहल की गई। घटिया आजम खां स्थित सब्जी मंडी में परिषद के सदस्यों ने दुकानदारों और ग्राहकों को कपड़े के थैले वितरित कर पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। शाखा अध्यक्ष कुलभूषण अल्का गुप्ता (राम भाई) ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा, बल्कि नागरिकों को एक स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी देगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पॉलिथीन का अत्यधिक उपयोग प्रकृति और मानव जीवन दोनों के लिए हानिकारक है। कार्यक्रम के दौरान मंडी में मौजूद लोगों को पॉलिथीन के कुप्रभाव और सतत विकल्पों के उपयोग की जानकारी दी गई। कपड़े के थैले वितरित करते हुए सदस्यों ने सभी से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक जीवन में पॉलिथीन का प्रयोग पूरी तरह बंद करें। इस अवसर पर संरक्षक उमेश बाबू अग्रवाल, आरएस गुप्ता, विजय अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, टीटू अग्रवाल, मुकेश मित्तल, राजीव-प्रेमी गोयल, मयंक-साक्षी जैन, रेखा राज अग्रवाल, ज्योति मोहन जिंदल, गौरव बिंदल, दीपक भार्गव, राकेश अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल (खेरली), संजीव गुप्ता, राजाबाबू अग्रवाल, नवल शर्मा, विमल नयन फतेहपुरिया, राजेश अग्रवाल, अनिल जैन आदि उपस्थित रहे।

## बैग-लेस शिक्षा से बढ़ती है रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति : अवनीश भटनागर

सरस्वती विद्या मंदिर कमला नगर में एक्टिविटी दिवस का आयोजन

**आगरा (एनएनआई)।** सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कमला नगर में शनिवार को एक्टिविटी दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधानाचार्य कृष्णकांत द्विवेदी एवं प्रबंध समिति के शैक्षिक कोर कमेटी अध्यक्ष अनंत विश्वेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। छात्रों को 16 क्लबों में विभाजित कर साहित्य, गणित, विज्ञान, खेल, कौशल विकास, सामाजिक समरसता, फोटोग्राफी, आर्ट व पेंटिंग, कंप्यूटर-एआई, संगीत सहित विभिन्न विषयों पर आधारित गतिविधियां कराई गईं। फ्री हैंड ड्राइंग, सेंस ऑर्गन, ह्यूमन एक्शन, राखी निर्माण, पॉलिथीन बहिष्कार जैसी रचनात्मक गतिविधियां छात्रों के कौशल विकास का माध्यम बनीं। कार्यक्रम में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर मुख्य



अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने क्लबों का निरीक्षण कर छात्रों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, बैग-लेस शिक्षा बच्चों की रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित करती है, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होती है। प्रधानाचार्य ने कहा कि गतिविधि आधारित शिक्षण से छात्रों में आत्मविश्वास, टीमवर्क, संप्रेषण कौशल और समस्या समाधान की क्षमता विकसित होती है। इस आयोजन को सफल बनाने में धर्मेन्द्र कुमार, ललित कुमार, सुजीत मेलोनिया, पूनम पाण्डेय, चेतन जैन सहित सभी क्लब संयोजकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। संचालन व्यवस्था में तुषार गर्ग, किशन, अरविंद एवं ज्ञानेंद्र का विशेष सहयोग रहा।

## जनकपुरी महोत्सव की अलौकिक छटा को देश-विदेश तक पहुंचाएगा सोशल मीडिया सेल

### कमला नगर में पोस्टर विमोचन कर सोशल मीडिया अभियान का शुभारंभ

एनएनआई

**आगरा।** जनकपुरी महोत्सव समिति कमला नगर द्वारा इस वर्ष के जनकपुरी महोत्सव को देश-विदेश में बसे करोड़ों राम भक्तों तक पहुंचाने के उद्देश्य से तकनीक-संपन्न सोशल मीडिया सेल की शुरूआत की गई। इस सेल का शुभारंभ बी-ब्लॉक स्थित जनकपुरी कार्यालय में पोस्टर विमोचन के साथ हुआ। मुख्य संरक्षक एवं राज्यसभा सांसद नवीन जैन, अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल, महामंत्री उमेश कंसल, पार्षद प्रदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रामरतन मित्तल, संयोजक पंकज अग्रवाल, नितिन कोहली, और आईटी सेल प्रभारी जुगल किशोर श्रोत्रिय ने सोशल मीडिया




अभियान की विधिवत शुरूआत की। आईटी सेल प्रभारी जुगल किशोर श्रोत्रिय के नेतृत्व में यश शिवहरे, हिमांशु धाकरे, वैभव कक्कड़, वंश श्रोत्रिय, गर्वित शिवहरे जैसे कई फ्रीलांस यूट्यूबर्स फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से महोत्सव की पल-पल की झलकियां साझा करेंगे। महामंत्री पार्षद प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से विवाह उत्सव का सीधा प्रसारण किया जाएगा। संयोजक पंकज अग्रवाल ने आमजन से पोस्टों को अधिकाधिक शेयर करने की अपील की, वहीं नितिन कोहली ने बताया कि बारात आगमन के क्षणों को ड्रोन शॉट्स के माध्यम से भी साझा किया जाएगा। आईटी सेल से जुड़ने के लिए बारकोड लिंक और जनकपुरी कमला नगर आगरा नामक सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से आमजन को जुड़ने का आग्रह किया गया। इस दौरान सहकोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल बैंक, राजीव नागरानी, पार्षद मुरारी लाल गोयल पेंट वाले, भगवती प्रसाद शाक्य, रैलेश अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, कार्यालय प्रभारी हरीश शर्मा गुड्डू, पवन अग्रवाल, मनीष बंसल, दिनेश कुमार, संजीव शर्मा, मीडिया प्रभारी केके अग्रवाल, वरुण कुमार जैन, नीलम अग्रवाल, कुमकुम उपाध्याय, पूजा जैन, पियूष चौहान, शोभित शर्मा, सुनित गोयल, गौरव तिवारी, आदर्श नंदन गुप्त, बल्लू पालीवाल, प्रशांत बंसल, गिरीश जैन, सुबोध गुप्ता और नीरज गुप्ता भी मौजूद रहे।

# तीन बार जटिल सर्जरी से बचाया युवक का पैर, डॉक्टरों की टीम ने दिया नया जीवन

एनएनआई



**आगरा।** एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को तीन बार जटिलतम सर्जरी और नौ महीने की लंबी चिकित्सकीय देखभाल के बाद नया जीवन मिला। यह प्रेरक कहानी शनिवार को दिल्ली गेट स्थित शांति मधुबन प्लाजा में एलीट हेल्थ केयर द्वारा आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम में सामने आई। जगनेर के सरेंधी गांव निवासी 27 वर्षीय सत्य प्रकाश ने बताया कि नवंबर 2024 में सड़क हादसे में उनका दाहिना पैर बुरी तरह कुचल गया था। मांसपेशियां और त्वचा खत्म हो चुकी थीं, हड्डियां तक बाहर आ गई थीं। कई बड़े अस्पतालों ने पैर काटने की सलाह दी। इसी दौरान वे एलीट हेल्थ केयर पहुंचे, जहां ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विजय गुप्ता ने पैर बचाने का भरोसा दिलाया। डॉ. विजय ने बताया कि संक्रमण बेहद गंभीर था, जिससे शरीर में रक्त विषाक्तता फैल गई। आईसीयू विशेषज्ञ डॉ. पायल सक्सेना की निगरानी में स्थिति नियंत्रित की गई। तीन बार जटिल सर्जरी और आठ बार घाव की सफाई कर अंततः सत्य प्रकाश का पैर सुरक्षित किया गया। डॉ. पायल ने कहा, ऐसे मामलों में तकनीकी दक्षता, धैर्य और टीमवर्क ही सफलता की कुंजी हैं। आज सत्य प्रकाश फिर से अपने पैरों पर चलने में सक्षम हैं। भावुक सत्य प्रकाश बोले, डॉ. विजय और डॉ. पायल ने न सिर्फ मेरा, बल्कि एक बेटे, पति और पिता का जीवन बचाया। डॉ. विजय पिछले 17 वर्षों से ट्रॉमा, जोड़ प्रत्यारोपण और सेलुलर थेरेपी के माध्यम से उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं।

# सेना के अफसर बनने का सपना अब होगा साकार, ताजनगरी में खुली मिलिट्री एकेडमी

एनएनआई

**आगरा।** सेना में अधिकारी बनने का सपना देखने वाले ताजनगरी और ब्रज क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ी सौगात शनिवार को मिली। सिकंदरा क्षेत्र में कारगिल मिलिट्री एकेडमी का उद्घाटन पूर्व सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। यह संस्थान अब युवाओं को एनडीए, सीडीएस, एएफसीएटी सहित अन्य रक्षा सेवाओं की परीक्षाओं की तैयारी का मार्गदर्शन देगा। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्रिगेडियर शंकर प्रसाद (सेवानिवृत्त) ने फीता काटकर एकेडमी का शुभारंभ किया। वे एसएसबी चयन बोर्ड में इंटरव्यू ऑफिसर रह चुके हैं, जिससे छात्रों को चयन प्रक्रिया की बारीकियां जानने में मदद मिलेगी। मुख्य परामर्शदाता कर्नल जी.एम. खान (सेना मेडल) ने बताया कि यह अकादमी युवाओं को शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से सैन्य सेवाओं के लिए तैयार करेगी।अकादमी का उद्देश्य देश को निष्ठावान और सक्षम सैन्य अधिकारी देना है। अकादमी में प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देने वालों में कर्नल यू.सी. दूबे, कर्नल महेश आनंद, ग्रुप कैप्टन जे.पी.एस. चौहान, मेजर ए.के. सिंह, मेजर मनीष कुमार, कैप्टन केशव दत्त जैसे अनुभवी पूर्व सैन्य अधिकारी शामिल हैं। यह एकेडमी दिल्ली, पुणे जैसे शहरों के समकक्ष प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगी और ताजनगरी के युवाओं को अब बाहर जाकर तैयारी करने की आवश्यकता नहीं होगी।

- एनडीए, सीडीएस, एएफसीएटी तैयारी अब अपने शहर में ही कर सकेंगे युवा

# प्राइम आईवीएफ सेंटर के शिविर में 40 से अधिक दंपतियों को मिला समाधान का मार्ग

- प्राइम आईवीएफ सेंटर केपीआईएमएस, आगरा का आयोजन, निःसंतान दंपतियों के लिए बना आशा की किरण

एनएनआई



**एटा/आगरा।** के.पी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल (इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज), आगरा के प्राइम आईवीएफ सेंटर केपीआईएमएस द्वारा एटा शहर में निःशुल्क आईवीएफ परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर गंगा रेस्टोरेंट, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, ठंडी सड़क, एटा पर संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. बबीता गुप्ता, काउंसलर नीकिता राना डेनियल, मार्केटिंग जोनल मैनेजर राजीव दीक्षित और गौरव राजौरिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में एटा और आसपास के क्षेत्र से आए 40 से अधिक निःसंतान दंपतियों ने भाग लिया। उन्हें निःसंतानता के कारण, जांचों और उपलब्ध उपचारों के बारे में विस्तृत जानकारी व परामर्श दिया गया। डॉ. बबीता गुप्ता ने बताया कि आईवीएफ तकनीक अब तक दुनिया भर में 80 लाख से अधिक बच्चों को जन्म दिला चुकी है। यह उन दंपतियों के लिए आशा की किरण है जो वर्षों से संतान सुख से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि इनफर्टिलिटी कोई शर्म की बात नहीं है, बल्कि एक मेडिकल स्थिति है, जिसका सफल इलाज संभव है। कैंप के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि निःसंतानता से जुड़ी चुप्पियों को तोड़ने और सही समय पर इलाज लेने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। प्राइम आईवीएफ सेंटर, केपीआईएमएस आगरा का संकल्प है कि हर घर में किलकारी गूंजे और हर दंपती मातृत्व-पितृत्व के सुख का अनुभव कर सके।

# सहकारिता विभाग और कृषक भारती ने मिलकर दिया उर्वरक संतुलन का संदेश

- कुकथला में सहकारी सशक्तीकरण कार्यक्रम आयोजित, किसानों को मिली उर्वरक उपयोग की जानकारी

एनएनआई



**आगरा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त हस्तांतरण के उपलक्ष्य में दिनांक 2 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, साधन सहकारी समिति लिमिटेड कुकथला, आगरा पर कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा सहकारी सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता आगरा मंडल आदित्य कुमार दुबे मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक कृषक भारती आगरा सुखेंद्र सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त विमल सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपी कोऑपरेटिव फेडरेशन तरुणेश कुमार, अपर जिला सहकारी अधिकारी अरविंद कुमार चौहान व के. सिंह, ग्राम प्रधान विमल बघेल, समिति अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, सचिव विक्रम सिंह एवं लेखा अधिकारी रंजन कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषक भारती प्रतिनिधि प्रवेश कुमार सिंह द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुआ। सुखेंद्र सिंह ने कृषक भारती के उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि दुबे ने किसानों को तरल जैव उर्वरक, पोटाश एवं जिंक के संतुलित प्रयोग की सलाह दी। कार्यक्रम में 111 किसानों ने सहभागिता की। समापन पर सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# आईटी सेल्स एम्पलाइज ग्रुप ने सावन में कराया भोले का भंडारा


एनएनआई



**आगरा।** सावन मास में आईटी सेल्स एम्पलाइज ग्रुप ने भोले बाबा का विशाल भंडारा स्काई टावर पार्किंग, संजय प्लेस में आयोजित कराया। भंडारा दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक अनवरत रूप से चला, जिसमें संजय प्लेस मार्केट के व्यापारी, कर्मचारी और राहगीरों की सैकड़ों की संख्या में भीड़ ने भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे में श्रद्धालु भक्तों की सेवा करते हुए युवाओं ने सामाजिक और धार्मिक समर्पण का भाव प्रदर्शित किया। आयोजन को सफल बनाने में ग्रुप के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संजय प्लेस कंप्यूटर एसोसिएशन ने इस सेवा कार्य के लिए आईटी सेल्स एम्पलाइज ग्रुप का आभार प्रकट किया और भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों में पूर्ण सहयोग देने का भरोसा जताया। सावन के महीने में इस तरह का आयोजन सामाजिक एकता और भक्ति के संदेश को भी प्रबल करता है।

# संस्कारों की नीलामी ही भारत की गुलामी : मुनि श्री सौम्य सागर

एनएनआई



**आगरा।** गुलामी तब शुरू होती है, जब संस्कृति बिकने लगती है। यह विचार मुनि श्री 108 सौम्य सागर महाराज ने श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, छिपीटोला स्थित निर्मल भवन में आयोजित स्वतंत्रता विशेष धर्मसभा में व्यक्त किए। संस्कारों की नीलामी भारत की गुलामी विषय पर उन्होंने कहा कि यह पखवाड़ा केवल इतिहास स्मरण नहीं, आत्मावलोकन और मूल्यांकन का समय है। धर्मसभा की शुरूआत दीप प्रज्वलन और आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र अनावरण से हुई। मुनिश्री के पाद प्रक्षालन के साथ श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण गुरुभक्ति अर्पित की। अपने ओजस्वी प्रवचनों में मुनिश्री ने कहा कि स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, नैतिक और मानसिक स्वराज भी है। जब व्यक्ति अपने मूल्यों और आत्मबल से समझौता करता है, तभी परतंत्रता जन्म लेती है। श्रद्धालुओं के प्रश्नों पर मुनिश्री ने स्पष्ट किया कि सकलीकरण केवल परंपरा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और संकल्प की पवित्रता का प्रतीक है। अधूरे संकल्प, अधूरी साधना का कारण बनते हैं। युवाओं से संवाद करते हुए उन्होंने कहा, राष्ट्र निर्माण की शुरूआत स्वयं से होती है।

यदि भारत को शक्तिशाली देखना है, तो पहले लोभ, मोह और आलस्य का त्याग करना होगा। मातृभूमि प्रथम की भावना को जीवन में उतारें। निर्मल भवन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने न केवल आस्था की ज्योति अनुभव की, बल्कि आत्ममंथन की प्रेरणा भी पाई। धर्मसभा के अंत में मुनिश्री से आशीर्वाद लेकर श्रद्धालुओं ने उनके विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित स्टूडेंट्स का हुआ दीक्षारंभ



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित दीक्षारंभ किया गया। अध्यक्षता कुलपति प्रो. आशु रानी ने की।

मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि हमारे देश में अब शिक्षा का वातावरण तेजी से बदल रहा है। पूर्व में लागू शिक्षा नीति मैकॉले की सोच पर आधारित थी, जिसका उद्देश्य केवल अंग्रेजी ज्ञान विकसित करना था। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेश सहगल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अब केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं, बल्कि स्टैंडर्ड स्किल विकसित कर स्वयं को इंडस्ट्री के अनुरूप बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि जर्मनी की तर्ज पर भारत सरकार को भी बारहवीं कक्षा के बाद एक वर्ष की अनिवार्य इंडस्ट्री ट्रेनिंग लागू करनी चाहिए, और उसी आधार पर स्नातक प्रवेश दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. श्वेता चौधरी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के बारे में बताया कहा कि भारत सरकार ने 34 वर्षों के बाद ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए एनईपी 2020 लागू की। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर बृजेश रावत ने किया गया। उन्होंने बताया कि इस दीक्षारंभ समारोह का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशित छात्रों को विश्वविद्यालय के वातावरण, शैक्षणिक प्रक्रियाओं, उपलब्ध संसाधनों एवं भावी शैक्षणिक मार्गदर्शन से परिचित कराना था।

# बुजुर्गों की सेवा ही हमारी संस्कृति का आधार: अदिति कात्यायन

■ रामलाल वृद्धाश्रम में सृजन फाउंडेशन ने मनाया हरियाली तीज उत्सव




एनएनआई

**आगरा।** रामलाल वृद्धाश्रम में "हरियाली तीज उत्सव एवं महिला सम्मान समारोह" मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आगरा की अग्रणी एवं समग्र विकास के लिए समर्पित संस्था सृजन फॉउंडेशन की अध्यक्ष प्रतिमा अदिति कात्यायन ने बेहतर राष्ट्र एवं समाज निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाने वाली नारी शक्ति को सम्मानित करते हुए आस्था, सौभाग्य एवं समृद्धि के पावन पर्व हरियाली तीज की मंगलमय शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर सृजन फॉउंडेशन की अध्यक्ष प्रतिमा अदिति कात्यायन ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाली तीज के अवसर पर चलने वाले कार्यक्रमों के क्रम में निराश्रित महिलाओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन हमारे लिए गौरव की बात है। वृद्धाश्रम में रहने वाली महिलाएं हम सबकी मांएं है इनकी सेवा करना ही तो हम सब का पुनीत कर्तव्य है। इनको अकेलापन महसूस न हो इसके लिए हमको समाज में होने वाले पारंपरिक उत्सवों को इनके बीच मनाना चाहिए।

वंदना कक्कड़ ने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम निराश्रित महिलाओं के लिए न केवल खुशी और उत्सव का अवसर होगा, बल्कि उन्हें समाज से जुड़ाव और सम्मान का अनुभव करायेगा। वंदना परिहार ने अपने संबोधन में कहा कि सृजन फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम निराश्रित महिलाओं के लिए एक यादगार अनुभव होगा और उन्हें यह अहसास कराएगा कि वे भी समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हरियाली तीज के अवसर पर निराश्रित महिलाओं के लिए कार्यक्रम में उपहार स्वरूप पारंपरिक परिधान साड़ी और श्रृंगार सामग्री भेंट की गयी।महिलाओं के हाथों में मेहंदी लगायी गयी। महिलाओं के लिए झूले की व्यवस्था की गयी थी। महिलाओं ने लोकगीत मल्हार और ढोलक की थाप पर नृत्य किया। महिलाओं ने झूलों का आनंद लिया। महिलाओं के लिए स्वादिष्ट मिष्ठान लड्डू,घेवर,समोसे आदि की व्यवस्था की गयी थी। इस अवसर पर डा.रश्मि त्रिपाठी, रैनू जैन, कनिका माथुर, लीना मूलचंदानी आदि अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। संचालन रेनू जैन ने और आभार लीना मूलचंदानी ने किया।

# पदमप्रभु महिला मण्डल ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव



एनएनआई

**आगरा।** सावन की हरियाली और तीज के उल्लास के बीच पदमप्रभु महिला मण्डल अवधपुरी की ओर से बोदला रोड स्थित बोदला हॉस्पिटल के पास फोरेस्त्रो रेस्टोरेंट में हरियाली तीज महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकम का शुभारंभ णमोकार महामंत्र एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। महिला मंडल की सभी महिलाओं ने हरे परिधान पहनकर सावन के पारंपरिक गीतों पर जमकर नृत्य किया,और साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें मंडल की सभी सदस्यों ने सहभागिता कर महोत्सव को यादगार बना दियेइस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद मीनाक्षी वर्मा एवं वीना जैन उपस्थित रहीजिनका पदमप्रभु महिला मंडल द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर करुणा जैन हेमलता जैन,कविता जैन,अंजू जैन,शालू जैन,बीना जैन, रंजना जैन,रीता जैन,पुष्पा जैन, अंजली जैन,समस्त पदमप्रभु महिला मंडल की सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रही।



# कम्युनिटी क्लब ने मनाई हरियाली तीज

एनएनआई

**आगरा।** हरियाली तीज पर कम्युनिटी क्लब ग्रुप की महिलाओं ने शंकर ग्रीन्स में रंगारंग कार्यक्रम किया। जिसमें नृत्य, संगीत इत्यादि हुए। फूलों से लदा सावन का झूला मुख्य आकर्षण था। मुख्य आयोजक सुरभि कपूर और नीलू सुराना थी। इन सब की भी उपस्थिति रही रश्मि, अंकिता, जूही, श्वेता और बहुत सी सखियां।

# तीज के रंग में रंगी हरि बोल सेवा समिति

**आगरा एनएनआई।** हरि बोल सेवा समिति द्वारा हरियाली तीज का आयोजन अतिथि वन, वाटर बॉक्स में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ममता सिंघल व मंच संचालक नेहा अग्रवाल द्वारा किया गया। इस उत्सव में बहनों ने गीत-संगीत, नृत्य और गेम्स का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ उपाध्यक्ष बबली जैन द्वारा हरियाली तीज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। उन्होंने चूड़ी के खेल को आयोजित किया, जिसमें नीता बंसल विजेता रहीं। सभी बहनों को वेलकम गिफ्ट प्रदान किए गए और विभिन्न मनोरंजक खेलों में भाग लेने वालों को उपहार मिले।



मुख्य आकर्षण तीज क्वीन प्रतियोगिता रही, जिसमें विजय लक्ष्मी को तीज क्वीन का ताज पहनाया गया। कार्यक्रम का समापन (राजा जनक) राजेश अग्रवाल और (रानी) अंजू अग्रवाल सुनयना द्वारा किया गया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीमा अग्रवाल, मंजू गुप्ता, यशिका अग्रवाल, अनु अग्रवालज नीता गुप्ता, लक्ष्मी सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

# लहरिया थीम पर चुनी गयी हरियाली तीज क्वीन-किंग




**आगरा एनएनआई।** भारत विकास परिषद संयम शाखा की ओर से फतेहाबाद रोड स्थित बंबू रिसॉर्ट पर हरियाली तीज उत्सव धूमधाम से मनाई गई। संस्थापक रवि शिवहरे ने बताया कि तीजोत्सव के माध्यम से महिलाओं में दबी हुई प्रतिभा को सामने लाने के लिए एक मंच दिया गया। जिसमे मेहंदी, नृत्य, ज्वैलरी मेकिंग, रैम्प वॉक और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । देर रात लहरिया थीम पर आयोजित उत्सव में मिस्टर और मिसेज तीज किंग और क्वीन प्रतियोगिता में चुने हुए कपल को सम्मानित किया। महिला सहभागिता सीमा गोयल ने बताया कि पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं झूले पर झूमती रहीं। साथ ही अंताक्षरी में एक-दूसरे को टक्कर देती नजर आईं। इससे उत्सव का माहौल रंगीन बन गया। इस अवसर पर एड. बसंत गुप्ता, केशव दत्त गुप्ता, डॉ. तरूण शर्मा, अजय जैन, संजीव अग्रवाल, विष्णु गोस्वामी, हर्ष खटाना, आरती शिवहरे, रुचि, पूजा, रजनी, सीमा, मोना, डिंपल, दीपाली, वैशाली, पूजा, नीतू ,शिल्पी, ऋचा, हेमा, रेनू, दीपा, श्वेता, वसुन्धरा आदि मौजूद रहीं।

# चंबल उतरी लेकिन असर अब भी भारी


## बाह-पिनाहट में खतरे के निशान से 2.5 मीटर नीचे बह रही चंबल नदी, 2 दिन में 8.5 मीटर घटा पानी

एनएनआई



**बाह।** राहत की बात ये है कि दो दिन में 8.5 मीटर की गिरावट के साथ नदी का जलस्तर 127.5 मीटर रह गया है। पुरा डाल और पुरा शिवलाल गांव का रास्ता खुल गया है। बाढ़ से जूझ रहे बाह के गोहरा, रानीपुरा, भटपुरा, मऊ की मढैय़ा, झरनापुरा, भगवानपुरा के लोग अपने गांव का रास्ता खुलने का इंतजार कर रहे हैं। प्रशासन ने बचाव और राहत के लिए रानीपुरा, भटपुरा, गोहरा, सिमराई, झरनापुरा, रेहा के लिए मोटरबोट की व्यवस्था की है। गुढ़ा गांव के रास्ते में कीचड़ दलदल होने की बजह से मोटरबोट का संचालन बंद हो गया है। बाह के एसडीएम हेमंत कुमार ने बताया कि जलस्तर लगातार घट रहा है। 8 बाढ़ चौकियां अभी भी एक्टिव हैं। प्रभावित गांवों में रसद पहुंचाई जा रही है।

वहीं पिनाहट चंबल नदी घाट का जलस्तर अब घटकर 127 मीटर पर पहुंच गया है, लेकिन बाढ़ के दुष्परिणाम अब भी ग्रामीणों की जिंदगी में कहर बरपा रहे हैं। कोटा बैराज से छोड़े गए पानी ने गांवों में तबाही मचा दी, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।



**खेतों में सड़े बीज, किसानों की मेहनत बर्बाद**

गांव गोहरा, क्यौरी, झरनापुरा, रेहा, उमरेठा पुरा जैसे इलाकों में बाढ़ के पानी ने कुछ ही घंटों में खेतों को जलमग्न कर दिया। किसानों द्वारा लगाए गए महंगे बीज पूरी तरह से सड़ गए। दलदली मिट्टी और सड़ांध के कारण खेत दोबारा बुवाई के लायक नहीं बचे। इससे किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है

**मकानों में पानी घुसा, राशन और सामान हुआ नष्ट**

बाढ़ ने सिर्फ खेत ही नहीं, बल्कि घरों को भी निशाना बनाया। कई ग्रामीणों के घरों में पानी घुस गया, जिससे अनाज, कपड़े, बिस्तर, बच्चों के स्कूल बैग और पलंग तक खराब हो गए। कुछ किसानों की खाद और बीज की गोदामें भी जलमग्न हो गईं, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ।

**गंदगी और मच्छरों से बीमारी का खतरा बढ़ा**

बाढ़ का पानी उतरने के बाद गांवों की गलियों में कीचड़ और गंदगी जमा हो गई है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और ग्रामीणों में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। गंदे पानी के कारण दुर्गंध फैल रही है और बच्चों का बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।

**ग्रामीणों की मांग-मिले राहत और मुआवजा**

प्रभावित ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें राहत सामग्री, दवाइयां और फसल नुकसान का उचित मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाए। साथ ही, गांवों में साफ-सफाई और कीटनाशक छिड़काव कर बीमारियों से बचाव की व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों के अनुसार, स्थिति सामान्य होने में अभी लंबा वक्त लग सकता है।

### बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री और दवाएं बांटी

चंबल नदी में आई बाढ़ से प्रभावित गांवों में प्रशासन ने राहत अभियान तेज कर दिया है। उपजिलाधिकारी बाह हेमंत कुमार के नेतृत्व में गोहरा, डंगेरा, कछियारा और तालपुरा सहित पिनाहट व बाह क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों में राहत सामग्री की किटें वितरित की गईं। बीते दो दिनों से लगातार चल रहे इस राहत वितरण अभियान में अब तक 800 से अधिक राशन किटें बाढ़ पीड़ित परिवारों तक पहुंचाई जा चुकी हैं। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट के प्रभारी डॉ. अतुल भारती के निर्देशन में चिकित्सा टीम ने गांव ताल का पुरा, क्यौरी हार, गोहरा, झरनापुरा, उमरेठा पुरा और रेहा में विशेष शिविर लगाकर दवाइयां वितरित कीं। इन शिविरों में जलजनित रोगों की रोकथाम हेतु आवश्यक दवाएं, ओआरएस, बुखार व त्वचा रोग की दवाइयां ग्रामीणों को दी गईं। टीम ने गांव-गांव जाकर लोगों को साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह भी दी।



# बीच सड़क पर दिखा वन्यजीव का जोड़ा

- तेंदुए की दहशत, रेंजर बोले तेंदुआ नहीं लकड़बग्घा है

एनएनआई



**बाह।** भाऊपुरा रेंका मार्ग पर बाह के जोधपुरा गांव की पुलिया के पास शुक्रवार की रात वन्यजीव का जोड़ा दिखा है। बाढ़ में चंबल से निकल कर तेंदुए का जोड़ा आने की दहशत फैल गई। जोधपुरा गांव की पुलिया के पास बीच सड़क पर वन्यजीव का जोड़ा दिखने पर किसी ने फोटो खींच लिए। सोशल मीडिया पर वायरल फोटो में दोनों वन्यजीव एक दूसरे की ओर मुंह कर खड़े दिख रहे हैं। बीच सड़क पर वन्यजीव के जोड़े की जानकारी से आस पास के गांवों में दहशत फैल गई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए फोटो के बारे में जानकारी करने पर बाह के रेंजर अमित कुमार ने बताया कि वन्यजीव का जोड़ा तेंदुआ नहीं है, लकड़बग्घा है। डरें नहीं, क्षेत्र में अमूमन लकड़बग्घा दिखते हैं। उन्होंने बताया कि पुलिया के आस पास वन विभाग की टीम नजर रखेगी।

## बेटे की तलाश के लिए फूट फूट कर रोई मां

**बाह** एनएनआई। लापता हुए बेटे की तलाश के लिए थाने पहुंची महिला फूट फूट कर रोने लगी। पुलिस ने उनको समझा कर शांत कराया और बेटे की सुरागरसी का भरोसा दिलाया। बिजौली की रीना गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 13 जुलाई को 8 वीं की पढ़ाई कर रहा बेटा नीरज गुप्ता लापता हो गया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि घर से थाने के पास की छोले भटूरे की दुकान पर काम करने गया था। तब से उसका सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने उसकी तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली थी।



## विवि के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन में हुई एल्युमनाई मीट, साझा की विकास यात्रा




एनएनआई

आगरा। डॉ. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन संस्थान द्वारा "एल्यूमनाई मीट-2025" का सफल आयोजन संस्थान के निदेशक प्रो. यू. एन. शुक्ला के नेतृत्व में किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य पूर्व विद्यार्थियों को संस्थान से जोड़ना, उनके अनुभवों से वर्तमान छात्रों को प्रेरित करना तथा संस्थान की विकास यात्रा का साझा मंच प्रदान करना रहा।

इस एल्यूमनाई मीट हेतु पंजीकरण प्रक्रिया गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रारंभ की गई, जिसमें 85 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर की गई। संचालन का उत्तरदायित्व साक्षी तिवारी ने सफलतापूर्वक निभाया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण संस्थान के प्रथम शिक्षक गोपाल वर्मा रहे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। निदेशक प्रो. यू. एन. शुक्ला ने संस्थान की स्थापना वर्ष 1985 से लेकर 2025 तक की प्रगति यात्रा पर विस्तृत प्रकाश डाला। प्रो. लवकुश मिश्रा ने पर्यटन क्षेत्र में संभावित आय के स्त्रोतों जैसे सांस्कृतिक पर्यटन, कुंभ मेला और ग्रामीण पर्यटन आदि पर प्रकाश डालते हुए पर्यटन के महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम में प्रो. शुक्ला द्वारा सभी पूर्व विद्यार्थियों का परिचय कराया गया और उनका संस्थान में आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अनेक प्रतिष्ठित पूर्व छात्र एल्यूमनाई के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को अमित कुमार साहू एवं विभव माथुर ने कुशलता से संभाला। आयोजन के समन्वय में कुलदीप यादव एवं नितिन कुमार का विशेष सहयोग रहा।

## समर्पण ने नृत्य और लोक संगीत के साथ मनाया रंगीलो सावन उत्सव

**आगरा** एनएनआई। भारत विकास परिषद की समर्पण शाखा ने कमला नगर स्थित होटल बी.बी. ग्रांड में हरियाली तीज को रंगीलो सावन उत्सव के रूप में उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम प्रभारी श्रुति गोयल, लवली जैन, निधि गोयल और नेहा अग्रवाल ने वरिष्ठ सदस्यों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।

अध्यक्ष विजित गुप्ता ने बताया कि सावन के शुरू होते ही लोगों में एक अलग सा उल्लास उमंग का माहौल होता है। महिलाओं ने तरह-तरह के खेल खेले। लोक गीतों पर नृत्य कर महिलाओ ने धूम मचाई। मुख्य आकर्षण के रूप में कान्हा के स्वरूप में तिशिखा अग्रवाल और यशोदा के रूप में प्रिया अग्रवाल ने जीवंत प्रस्तुति की झलक पेश की।



इस अवसर पर सचिव नवनीत गर्ग, वित्त सचिव संजीव मित्तल, आयुषी भटनागर, अलका मित्तल, संगम सिंघल, साधना मित्तल, अंशुल गुप्ता, पूजा मित्तल, बबिता गर्ग, सोनी मित्तल, प्रियंका मनचंदा, पूजा बंसल, प्राची शिवहरे, ऋचा गर्ग, रेखा अग्रवाल, रीना गोयल, नमिता मित्तल, पूजा गोयल, सोनिया गर्ग, प्रियंका जैन, क्षमा सिंघल आदि मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# ट्रम्प के अपमान और टैरिफ के बाद भारत दृढ़ता से अपना मार्ग खोजे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा अपने तीखे बयानों, टैरिफ बढ़ाने और साम्राज्यवादी मंसूबों से भारत को मुश्किल में खड़ा करने का असफल प्रयास किया गया है। उनका विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) से मुंह मोड़ना और दुनिया पर अमेरिका की हुकूमत थोपने का प्रयास बताता है कि वह बिना सवाल-जवाब के वफादारी चाहते हैं।

ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से व्यापार संतुलन के नाम पर कई वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाया गया। जीएसपी का लाभ समाप्त करना, एच1-बी वीजा पर पाबंदियाँ और पाकिस्तानी नेतृत्व को तवज्जो देना-ये संकेत हैं कि अमेरिका भारत को एक समान भागीदार नहीं, बल्कि एक डूबती हुई अर्थ व्यवस्था मानता है। पाकिस्तान जैसे देश शायद इस नए उपनिवेशवादी ढांचे को मान लें, लेकिन भारत, जिसकी सभ्यता और संस्कृति गहरी है, को अब डटकर जवाब देना ही होगा। इस वक्त विपक्ष ने जो नेरटिव सेट किया है, उसके मुताबिक मोदी सरकार अपनी ही बनाई जाल में फंस चुकी है। अब उसे साहसी कदम उठाने की जरूरत है। रायता बिखेरा है तो समेटने कोई और नहीं आएगा?

ट्रम्प का अहंकारी रवैया और "डील" की बातें भारत की पश्चिमी देशों पर निर्भरता को तो उजागर करती ही हैं, वहीं बीजेपी, जो अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के दबाव में है, स्पष्ट बोलने से कतराती है। ये करप्ट एलीट, नेताओं, नौकरशाहों के खानदानी, भारतीय-अमेरिकी वहां शानदार जिंदगी जीते हैं, लेकिन उनका स्टेटस कुली या मैन फ्राइडे के जैसे ही रहता है। अगर भारतीयों में आत्मसम्मान है, तो उन्हें अमेरिका छोड़कर भारत लौटना चाहिए और यहां अपने टैलेंट, नवाचार से नई नींव रखकर देश को बुलंदियों तक ले जाना चाहिए।

मोदी सरकार डर और दबाव में क्यों है? अमेरिका से आर्थिक जवाबी कार्रवाई का डर कोई बहाना नहीं हो सकता। भारत की पश्चिमी बाजारों, टेक्नोलॉजी और पैसे पर निर्भरता खुद की बनाई कमजोरी है। भारत का असली दर्शन-आत्मनिर्भरता, चतुराई और मजबूती-को अपनाने का वक्त है। लेकिन सरकार टैक्स प्रणाली को सुधारने, पूंजी निर्माण को बढ़ाने या देशी प्रतिभा को मौका देने में नाकाम रही है। सादगी और बचत, जो भारतीय संस्कृति का हिस्सा हैं, नीतियों में दिखाई नहीं देते। इसके बजाय, सरकार पश्चिमी निर्यात-आधारित मॉडल को थामे हुए है, जो आत्मघाती है।

बीजेपी और आरएसएस को चाहिए कि वह जनता को लामबंद करें और अमेरिका की पाकिस्तान के प्रति पक्षपाती नीति का विरोध करें, जो एक आतंकवादी कारखाना है। ट्रम्प की मर्जी, वो चाहे जो करे, लेकिन इंडिया को भी "भारत पहले" की नीति अपनाने का हौसला दिखाना होगा। अमेरिकी धौंस के आगे घुटने टेकने का वक्त नहीं है।

भारत को ब्रिक्स देशों-ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका-के साथ मजबूत रिश्ते बनाने चाहिए। चीन के साथ तनाव बॉर्डर डिस्प्यूट की वजह से है, इसको दूरदर्शिता और समझदारी से सुलझाने के सीरियस प्रयास हों। ब्रिक्स में आर्थिक सहयोग भारत को मजबूत कर सकता है। मोदी को अब दिखाना होगा कि वह भारत को इस अनिश्चितता से निकाल सकते हैं। देश को अपनी राह खुद बनानी होगी, न कि पश्चिमी रास्तों पर चलना होगा।

अब भारत को एक नया विकास मॉडल अपनाना होगा जो निर्यात या विदेशी निवेश के बजाय घरेलू माँग, स्वदेशी उत्पादन, और स्थानीय उद्यमों पर आधारित हो। इससे न केवल आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि युवाओं को रोजगार, किसानों को बाजार और छोटे व्यवसायों को संरक्षण मिलेगा।

भारत का विकास मॉडल अब अंदर की ओर उन्मुख हो, जहां 140 करोड़ लोग, संसाधन और उद्यमशीलता देश की ताकत बनें। पश्चिमी मॉडल जो निर्यात और विदेशी रेमीटैन्सेस पर आधारित है, न टिकाऊ है न भरोसेमंद। महात्मा गांधी की आत्मनिर्भरता, ग्राम स्वराज, नैतिक बल, लॉ कॉस्ट इकॉनमी और सामुदायिक विकास की सोच को वापस लाने की जरूरत है। ये सोच भारत की आत्मा के करीब हैं।

दुनियाभर में बसे भारतीयों को अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। उन्हें विदेशी मूल्य व्यवस्था में घुलने की बजाय भारत के हितों को बढ़ावा देना चाहिए। "विश्व गुरु" का नारा तब तक खोखला है, जब तक भारत बाहरी दबाव और आंतरिक असहमतियों के आगे नत मस्तक रहेगा। मोदी को अब साहस और एकता के साथ नेतृत्व करना चाहिए।

ट्रम्प की हरकतें एक चेतावनी हैं। भारत को नए रास्ते तलाशने होंगे, सावधानी से, और बंटवारे से बचते हुए। ब्रिक्स के साथ गठजोड़, आत्मनिर्भरता और जनता की ताकत से भारत मजबूत हो सकता है। मोदी को साबित करना होगा कि 140 करोड़ का देश न असहाय है, न दिशाहीन। अब आधे-अधूरे कदमों का वक्त नहीं-भारत को साहस और सपने चाहिए। भारत अब विकल्पों के मोड़ पर खड़ा है-या तो वह पुरानी निर्भरता की राह पर चले, या फिर अपनी नई राह खुद बनाए। मोदी सरकार को अब यह साबित करना होगा कि 140 करोड़ की आबादी वाला देश न कमजोर है, न भ्रमित-बल्कि भविष्य का निर्माता है।

**ब्रज खंडेलवाल (लेखक के निजी विचार)**



# अकेलापन

## कहीं आप भी तो नहीं डूब रहे इसमें इन संकेतों को भूलकर भी न करें इग्नोर

अनजाने में ही, आपकी दुनिया कभी-कभी धीरे-धीरे छोटी होती जाती है: कम चलना, ऑफि स में कम दिन, दोस्तों से मिलना रद्द करना। चैट पर योजनाएं बिखरती हुई देखना, क्योंकि दोस्त डेट या मिलने की जगह तय करने के लिए संघर्ष करते हैं। आप थोड़ा उदास या अलग-थलग महसूस करने लग सकते हैं। आदतों और मनोदशा में सूक्ष्म बदलाव आ सकते हैं। क्या आप... अकेले हो सकते हैं? यह एक ऐसा लेबल नहीं है जिससे हम में से कई लोग आसानी से जुड़ जाते हैं, खासकर अगर आपको पता हो कि आपके दोस्त हैं, या आप किसी खुशहाल रिश्ते में हैं। लेकिन अकेलापन हम सभी को समय-समय पर हो सकता है - और इसे पहचानना इसे ठीक करने का पहला कदम है।

**तो, अकेलापन क्या है?**

अकेलापन वह तकलीफ है जो हमें तब महसूस होती है जब हमारे रिश्ते हमारी जरूरतों को पूरा नहीं करते - चाहे वह गुणवत्ता में हो या मात्रा में। यह वस्तुगत रूप से अकेले होने (जिसे "सामाजिक अलगाव" भी कहा जाता है) जैसा नहीं है। आप दोस्तों से घिरे होने पर भी, या अकेले पूरी तरह संतुष्ट होने पर भी, गहरा अकेलापन महसूस कर सकते हैं। अकेलापन व्यक्तिपरक होता है;, बहुत से लोगों को तब तक एहसास नहीं होता कि वे अकेले हैं जब तक यह एहसास लगातार बना रहता है।

**किन संकेतों पर ध्यान देना चाहिए?**

आपको शारीरिक ठंडक, खालीपन या खोखलापन महसूस हो सकता है (मैंने इसे ऐसे महसूस होते सुना है जैसे आपका कोई अंग गायब हो गया हो)। कुछ शोध बताते हैं कि सामाजिक दर्द मस्तिष्क में शारीरिक दर्द के समान ही महसूस होता है। व्यवहार संबंधी संकेतों में ये शामिल हो सकते हैं जैसे- दिनचर्या में बदलाव, सोने या सोते रहने में परेशानी, भूख में बदलाव (हो सकता है कि आप सामान्य से ज्यादा या कम खा रहे हों, या आपके आहार में विविधता कम हो) उन योजनाओं से दूर हो जाना जिनका आप आमतौर पर आनंद लेते थे (हो सकता है कि आप नियमित व्यायाम कक्षा छोड़ रहे हों, या शो या खेल आयोजनों में कम जा रहे हों)।

**भावनात्मक रूप से, आप महसूस कर सकते हैं जैसे:**

लगातार उदासी, थकावट, अलगाव, जैसे आप दूसरों के साथ होने पर भी, कहीं के नहीं हैं, आप अस्वीकृति या आलोचना के प्रति भी ज्यादा संवेदनशील महसूस कर सकते हैं।

**अकेलेपन को पहचानना अक्सर मुश्किल क्यों होता है?**

दुख की बात है कि अकेलेपन को स्वीकार करने को लेकर अभी भी बहुत कलंक है, खासकर पुरुषों के लिए। बहुत से लोग खुद को अकेला मानने से कतराते हैं, या उन्हें लगता है कि यह उन्हें "हारे हुए" के रूप में चिह्नित करता है। लेकिन यह चुप्पी समस्या को और भी बदतर बना सकती है। जब कोई इसके बारे में बात नहीं करता, तो अकेलेपन के चक्र को तोड़ना मुश्किल हो जाता है, और कलंक बना रहता है। क्षणिक अकेलापन सामान्य है, लेकिन दीर्घकालिक या लगातार अकेलापन हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है।

**शोध बताते हैं कि दीर्घकालिक अकेलापन इनसे जुड़ा है:**

अवसाद, चिंता, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, हृदय रोग, समय से पहले मृत्यु।

**खुद को समझें**

अकेलापन आत्म-बल भी बन सकता है। जब अकेलापन सामान्य लगता है, तो यह दुनिया को देखने के आपके नजरिए को आकार देना शुरू कर सकता है: आप अस्वीकृति की उम्मीद करते हैं, और ज्यादा पीछे हट जाते हैं और यह चक्र गहरा होता जाता है। जितनी जल्दी आप खुद को अकेला महसूस करेंगे, उससे बाहर निकलना उतना ही आसान होगा। हममें से ज्यादातर लोगों को फलने-फूलने के लिए अलग-अलग तरह के रिश्तों की जरूरत होती है। यह इस बारे में नहीं है कि आप कितने लोगों को जानते हैं, बल्कि इस बारे में है कि क्या आप जुड़ाव महसूस करते हैं और इन रिश्तों में आपकी कोई सार्थक भूमिका है। अगर आपके बीच गहरा जुड़ाव, साझा पहचान या समुदाय की भावना नहीं है, तो आप मजबूत दोस्ती के बावजूद भी अकेलापन महसूस कर सकते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि आप कृतघ्न हैं, या एक बुरे दोस्त हैं। इसका मतलब बस इतना है कि आपको ज्यादा या अलग तरह के रिश्तों की जरूरत है।

**कैसे करें खुद का बचाव**

खुद से पूछना शुरू करें: मैं किस तरह के जुड़ाव की कमी महसूस कर रहा हूं? क्या यह व्यक्तिगत दोस्ती है? कोई साथी? अनौपचारिक सामाजिक मेलजोल? कोई साझा उद्देश्य या समुदाय? फिर सोचें कि अतीत में किस चीज ने आपको ज्यादा जुड़ाव महसूस करने में मदद की है। कुछ लोगों के लिए, यह किसी गायक मंडली, पुस्तक क्लब या खेल समूह में शामिल होना है। दूसरों के लिए, यह स्वयंसेवा करना या छोटे-मोटे सामाजिक पलों के लिए बस "हां" कहना हो सकता है, जैसे अपने स्थानीय बरिस्ता से बातचीत करना या स्थानीय कसाई का नाम जानना।

## मित्र की परिभाषा अनेक



मित्र की परिभाषा अनेक
मित्रता का प्रकार सिर्फ एक।

या तो मित्र है या नहीं,
अच्छा बुरा,कम ज्यादा तो कुछ नहीं।

मित्र वह जो बिन कहे समझे,
सुलझा दे जीवन के उलझे मंझे।

जहाँ समय भी समय पर धोखा दे जाए,
वहाँ मित्र ही है जो एक आवाज पर
आ जाए।

रिश्ते निभाने में ज़िंदगी निकल जाएगी
फिर भी कहीं न कहीं कमी नजर
आएगी,
मित्रता मैं ज़िंदगी यूँ भाएगी, कि कमियों
को नजरअंदाज कर मित्रता ही
मुस्कुराएगी।

मित्रता को प्रेम से मत ऐसे मत रखना
लगते एक! प्रेम समंदर तो मित्रता
सागर,
दोनों की पराकाष्ठा अभिन्न दोनों ही जग
उजागर,
कृष्ण राधा के प्रेम और सुदामा के
आदर ।

मित्रता अभेद है आलोकिक प्रकाश है
मित्र की मित्र से ना कोई आस है ना
काश है

प्रेम अपेक्षा है बंधन है मित्रता आजादी
से अहम का समर्पण है

और ऐसे में मित्र बचपन से हो तो
'वाह;, आप जैसा धनी फिर कोई कहाँ
।

आपके जीवन को कोई और भी जिये
चला जा रहा है,
आपकी सच में सच झूठ में झूठ कोई
गवाह बनाया जा रहा है ।

रोये तो हँसा रहा है और हँसते हँसते
रूला रहा है,
यह बचपन का मित्र है साहब!
आपको खुश कर आपके गम खा रहा
है।

ऐसे मित्र को उपहार न देना,
हो सके तो इस जमीं से उस आसमाँ
तक साथ देना।

उम्र तो बस गणित है मैत्री आत्मा से
हैं, कुछ मित्र उम्र में बड़े कुछ छोटे
होते हैं।
मित्रता सदैव ताजी रहती है
और शरीर रूपी चोले पुराने होते हैं

मन से मन का संयोजन है
मित्रता ही जीवन की दावत है,मित्रता
ही आयोजन है।
तो बस त्योहार मनाते रहिए मित्रता
निभाते रहिए ।

**शालिनी सक्सेना**



# 2025 में धमाल मचाने को तैयार संजय दत्त

**बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतते रहे हैं। 66 साल की उम्र में भी वह फिल्मी दुनिया में पूरी तरह सक्रिय हैं। 2025 में उनकी कई बहुप्रतीक्षित फिल्में रिलीज होने वाली हैं।**

संजय दत्त की ये आगामी फिल्में दर्शकों के लिए एक्शन, कॉमेडी और ड्रामा का जबरदस्त डोज लेकर आ रही हैं। उनकी एक्टिंग और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हमेशा की तरह फैंस को थिएटर तक खींचने के लिए काफी है। 2025 में संजय दत्त का जलवा बॉक्स ऑफिस पर देखने के लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बागी 4- साजिद नाडियाडवाला की मशहूर बागी फेंचाइजी की चौथी कड़ी में संजय दत्त एक खूंखार खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में रिलीज हुए पोस्टर में



उनका लुक काफी डरावना दिखा। इसमें वह खून से सने कपड़ों में एक लड़की को गोद में लिए चीखते नजर आए। पोस्टर के साथ कैप्शन था, हर आशिक एक विलेन है, जो उनके किरदार की गहराई को दर्शाता है। टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी टक्कर इस फिल्म का मुख्य आकर्षण होगी। धुरंधर- इस फिल्म में संजय दत्त का किरदार काफी दमदार बताया जा रहा है। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में उनका स्वैग और स्टाइल देखकर फैंस उत्साहित हैं। यह एक मल्टी-स्टारर फिल्म है। इस फिल्म में संजय दत्त के अलावा रणवीर सिंह, आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल नजर आएंगे। फिल्म की कहानी और किरदारों के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन फिल्म की पहली झलक आने के बाद लग रहा है कि यह एक्शन और ड्रामा से भरपूर फिल्म होगी।वेलकम टू द जंगल- यह फिल्म वेलकम फेंचाइजी की तीसरी कड़ी है, जो अपनी हास्य और मल्टी-स्टारर कास्ट के लिए जानी जाती है। हालांकि, कुछ समय पहले खबर आई थी कि संजय दत्त ने इस फिल्म से एग्जिट कर लिया है, लेकिन ताजा जानकारी के अनुसार वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा हो सकते हैं। फिल्म में संजय दत्त के मजाकिया अंदाज को देखने के लिए फैंस बेताब हैं। इसका टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसमें कई सितारों को एक साथ देखा गया। द राजा साब- साउथ सुपरस्टार प्रभास के साथ संजय दत्त की यह फिल्म एक अनोखा मिश्रण है, जिसमें रोमांस, हॉरर, और कॉमेडी का तड़का होगा। संजय दत्त इसमें एक खूंखार विलेन का किरदार निभाएंगे।

# ग्लोबल स्टार के तौर पर जानी जाने वाली प्रियंका

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने अपने दम पर बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग के बदौलत गहरी छाप छोड़ी है। ग्लोबल स्टार के तौर पर जानी जाने वाली प्रियंका आज बेहतरीन लाइफस्टाइल जी रही हैं, लेकिन इसके पीछे बहुत मेहनत, दर्द और हिम्मत की सच्ची कहानी छिपी है। मिस वर्ल्ड का खिताब जितने के बाद भी प्रियंका को बॉलीवुड में काफी रिजेक्शन का सामना करना पड़ा। कभी उनके सांवले रंग का मजाक उड़ाया गया, तो कभी काली बिल्ली और डस्की कहा गया। एक एक्ट्रेस ने तो यहां तक कह दिया था कि वो हीरोइन बनने के लायक ही नहीं हैं। प्रियंका ने निर्देशक से तंग आकर फिल्म छोड़ी तो बॉलीवुड की पॉलिटिक्स से तंग आकर इंडस्ट्री छोड़ दी। आज प्रियंका ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में अपने दम पर नाम और शोहरत हासिल की है। प्रियंका चोपड़ा ने पॉडकास्ट में बॉलीवुड में मिले रिजेक्शन के बारे में बात की थी। प्रियंका ने बताया था- मुझे कई वजहों से रिजेक्शन का समाना करना पड़ा था। कभी मुझे कहा जाता था कि रोल के लिए फिट नहीं हूं। कभी फेवरेटिज्म की वजह से तो कभी किसी की गर्लफ्रेंड की वजह से मुझे फिल्म में कास्ट नहीं किया गया। इंडस्ट्री में एक समय ऐसा भी था जब कोई मेरे साथ काम नहीं करना चाहता था। करियर के शुरुआत में मुझे लगभग डेढ़ साल तक रिजेक्शन का सामना करना पड़ा था। इतना ही नहीं करियर के शुरुआत में प्रियंका चोपड़ा को सांवले रंग और दुबले-पतले शरीर को लेकर खूब आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा था। प्रियंका चोपड़ा ने खुद एक इंटरव्यू के दौरान कहा था- मुझे अपने रंग के कारण बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। मुझे काली बिल्ली और डस्की कहा जाता था। मुझे लगता था कि गोरे रंग के साथी कलाकारों की तुलना में मुझे अधिक मेहनत करनी होगी।



# हर किसी की अपनी एक पसंद होती है-भूमि पेडनेकर

**अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को लेकर अक्सर नेटिजन्स आरोप लगाते हैं कि उन्होंने चेहरे की सर्जरी करायी है। अभिनेत्री ऐसी अफवाहों पर चुप्पी साधे रहती हैं, मगर हाल ही में उन्होंने इस पर बात की।**

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं। हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है।

### लोगों की पसंद पर राय देने वाली में कोई नहीं होती

पिछले कई वर्षों से ऐसी अटकलें लगती रही हैं कि भूमि पेडनेकर ने सर्जरी कराई है। हालांकि, खुद भूमि ने ऐसी अटकलों पर हमेशा इनकार ही किया है। अब हाल ही में उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी के बारे में खुलकर बात की है। हाल ही में बात करते भूमि पेडनेकर ने कहा, मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं।

### डाइट में यह चीज शामिल करना नहीं भूलतीं

भूमि ने बोटोक्स और सर्जरी को लेकर आगे कहा, मुझे यह भी लगता है कि इस पर बहुत ज्यादा चर्चा हो रही है। अभिनेत्री ने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। भूमि ने बताया कि देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। एक्ट्रेस ने कहा, लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है।

### स्किन केयर के टिप्स किए साझा

इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइश्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं। इसके अलावा पर्याप्त मात्रा में पानी और भरपूर नींद लेना इसका राज है। भूमि के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस साल उन्हें मेरे हसबैंड की बीवी में देखा गया था।

# ओवल टेस्ट में इंग्लैंड को 324 रन और भारत को चाहिए 8 विकेट

# यशस्वी का शतक

## जडेजा-सुंदर ने फिफ्टी लगाई




लंदन। भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां टेस्ट लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड को 374 रन का टारगेट मिला है, मुकाबले के तीसरे दिन भारत अपनी दूसरी पारी में 396 रन पर ऑलआउट हुआ। यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाया। नाइट वॉचमैन आकाशदीप, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर ने फिफ्टी लगाई। इंग्लैंड ने 1 विकेट के नुकसान पर 50 रन बना लिए। इंग्लैंड के पास टारगेट हासिल करने के लिए 2 दिन का खेल है। भारत को इनमें 8 विकेट ही लेने हैं, क्योंकि टीम के क्रिस वोक्स इंजरी के कारण टेस्ट से बाहर हो गए हैं। भारत ने मुकाबले के तीसरे दिन 75/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। नाइट वॉचमैन आकाशदीप ने फिफ्टी लगा दी, वे 66 रन बनाकर पहले सेशन में आउट हुए। यह उनके इंटरनेशनल करियर की पहली फिफ्टी रही। दूसरे सेशन में भारत ने 3 विकेट गंवा दिए। कप्तान शुभमन गिल 11, करुण नायर 17 और यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी के पारी में 3 कैच छूटे, वे आउट भी कैच ही हुए।

### यशस्वी जायसवाल का बैटिंग स्टाइल बनाता है उन्हें टीम के लिए अहम - रवि शास्त्री

भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट के तीसरे दिन से पहले रवि शास्त्री ने यशस्वी जायसवाल के बल्लेबाजी शैली की तारीफ की। भारतीय टीम के पूर्व हेड कोच शास्त्री का मानना है कि जायसवाल का अनूठा दृष्टिकोण उन्हें भारत के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाता है। जायसवाल इस टेस्ट मैच में गजब की लय में दिख रहे हैं, उन्होंने तेजी से हाफ सेंचुरी पूरी कर ली है और खबर लिखे जाने तक उन्होंने 10 चौके और 2 छक्के की मदद से 82 रन बना लिए हैं।



भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 123 रनों की बढ़त बना ली है और अभी भी 8 विकेट बाकी हैं। जायसवाल को मैच के दौरान दो बार जीवनदान भी मिला है। 20 रन के स्कोर पर स्लिप में हैरी ब्रुक ने और फिर 40 रन पर डीप फाइन लेग पर लियाम डॉसन ने कैच छोड़ दिया। शास्त्री ने कहा कि यह मैच बेहद संतुलित है और जायसवाल का अहम विकेट है। जब तक वह खेल रहे हैं, इंग्लैंड के कप्तान पोप को सिरदर्द होगा क्योंकि आप खेल को नियंत्रित नहीं कर सकते। जायसवाल नए और अपरंपरागत खिलाड़ी हो सकते हैं। उनके आउट होने पर ही इंग्लैंड को नियंत्रण का एहसास होगा। भारत को चौथी पारी में इंग्लैंड को कम से कम 250 रनों का लक्ष्य देना होगा क्योंकि सीरीज दांव पर है, यह एक परीक्षा होगी।

### वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया

#### सीरीज 1-1 की बराबरी पर

फ्लोरिडा। वेस्टइंडीज ने लॉडरहिल (फ्लोरिडा) के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 133 रन बनाए, जबकि वेस्टइंडीज ने 134 रन के लक्ष्य को 8 विकेट खोकर 19.4 ओवर में हासिल कर लिया। जेसन होल्डर ने 4 विकेट लेने के साथ ही 16 रन बना कर वेस्टइंडीज की जीत में अहम भूमिका निभाई।



पाकिस्तान की बल्लेबाजी: खराब शुरूआत, सलमान और नवाज ने संभाला टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज सईम अयूब 9 रन बनाकर आउट हुए, जबकि दूसरे ओपनर साहिबजादा फरहान 16 रन पर पवेलियन लौट गए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए मोहम्मद हारिस भी 21 रन के कुल स्कोर पर आउट हो गए। पावरप्ले (पहले 6 ओवर) में पाकिस्तान ने 3 विकेट खोकर मात्र 24 रन बनाए। इसके बाद सलमान आगा और हसन नवाज ने पारी को संभालने की कोशिश की। सलमान आगा ने 33 गेंदों में 38 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने पहले फखर जमान के साथ चौथे विकेट के लिए 27 गेंदों में 32 रन की साझेदारी की और फिर हसन नवाज के साथ 39 गेंदों में 60 रन की साझेदारी कर स्कोर को 130 के पार पहुंचाया। हसन नवाज ने 23 गेंदों में 40 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसमें 1 चौका और 4 छक्के शामिल रहे। उनकी इस पारी ने पाकिस्तान को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में मदद की।

## रविवार, 03 अगस्त राशिफल

मेष राशि वालों के लिए आज का दिन कुल मिलाकर सामान्य रहेगा। धैर्य और सहनशीलता से काम लें ताकि आप अपनी मंजिल तक पहुंच सकें। काम पूरा करने के लिए आज अधिक प्रयास करना होगा। विरोधियों से भी आपको आज सतर्क रहने की जरूरत है। आपको अपने सामान्य स्वास्थ्य के प्रति भी सावधान रहने की सलाह दी जाती है। परिवार का सहयोग आज आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है।

वृषभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर प्रबंधन और योजना के साथ आगे बढना होगा। आप अपने काम में सफल रहेंगे और अपने वरिष्ठों से भी सहयोग प्राप्त कर पाएंगे। आज का दिन आपके रिश्तों के लिए बहुत अच्छा हो सकता है। आपको अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है।

मिथुन राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज आप अपने काम में सफल होंगे। भाग्य आपके साथ रहेगा और आपको अपने परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आज आपको सामाजिक गतिविधियों में भी आगे आना होगा। आपको अपने बिजनेस में अच्छा प्रदर्शन करने का मौका भी मिलेगा और आपके काम की सराहना भी होगी। आपको अपने रिश्तों को मजबूत करने का मौका मिलेगा और अपने प्रेमी के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का भी मौका पाएंगे।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज रविवार का दिन बहुत अच्छा रहेगा। आपको अपने काम में बड़ी सफलता मिलेगी और आप आज लाभ और मान-सम्मान पाएगे। आज आपको अपने परिवार और दोस्तों से बहुत प्यार और सहयोग मिलेगा। आपके दांपत्य जीवन में भी खूब खुशियां बनी रहेगी। आज आपके काम में प्रगति होगी और आपके काम की सराहना भी होगी।

सिंह राशि में आज केतु विराजमान हैं ऐसे में आज चतुराई और बुद्धि कुशलता का लाभ ले पाएंगे। आप अपने दैनिक कार्यों में वैसे आज व्यस्त रहेंगे। आज आपको रिश्तेदारों से कोई खास उपहार मिल सकता है। आपके दांपत्य जीवन में प्यार और आपसी तालमेल बना रहेगा। वैसे आपको आज अपनी सेहत का ध्यान रखना होगा और कोई भी काम आवेश में आकर या अति उत्साह में करने से बचना होगा नहीं तो नुकसान हो सकता है।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज सितारे बताते हैं कि आज का दिन आपकी शिक्षा और कामकाज के लिहाज से अच्छा है। आप अपने सभी कार्यों में सफल होंगे और आपके पास का माहौल भी आज सकारात्मक रहेगा। आपकी किसी चिंता और परेशानी का आज निदान हो सकता है। आज आपका अपने रिश्तेदारों तालमेल बनाकर रखना चाहिए और बोलचाल मे वाणी पर संयम रखना चाहिए। नौकरीपेशा जातकों को आज अपने काम से काम रखना चाहिए,दूसरों के मामलों से आपको आज दूर रहना चाहिए।

सितारे कहते हैं कि आज का दिन तुला राशि के जातकों के लिए मिलाजुला रहेगा। आपको अपना काम समय पर पूरा करने के लिए तत्पर रहना होगा। अचानक से कुछ नया काम आ जाने से आपको अपनी योजना में बदलाव करना पड़ सकता है। सितारे कहते हैं कि आज के दिन अपनी योजनाओं को सफल बनाने के लिए आपको कार्यक्षेत्र में अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। वैसे आपको बिजनेस में लाभ पाने का कोई अच्छा मौका मिल सकता है।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। दिन की शुरूआत से ही आज आप सक्रिय नजर आएंगे और अपना काम पूरा करने के लिए तत्पर दिखेंगे। आज आपको अपने दोस्तों से भी सहयोग मिलेगा। पैसों के मामले में आज आपको थोड़ा सावधान रहना होगा क्योंकि खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

धनु राशि के जातक आज विचारों में उलझे रह सकते हैं। आपको आज कोई भी काम उतावलेपन में करने से बचना होगा। वैसे आज का दिन निजी संबंधों के लिए बहुत अच्छा है। आपको अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आर्थिक मामलों में आज आपको अपनी योजना का लाभ मिलेगा और बिजनेस में आप अच्छी कमाई कर पाएंगे। वैसे आज आपको कुछ नया करने का भी मौका मिलेगा।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। आपको अपने विरोधियों से आज सतर्क रहना होगा। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें क्योंकि यह आपके काम को बिगाड़ सकता है। आर्थिक मामलों मे आज का दिन मिलाजुला रहेगा, आपको अपने खर्च पर भी ध्यान देने की जरूरत है। सितारे कहते हैं कि आपको आज परिवार से सहयोग मिलेगा जो आपको मानसिक रूप से बल प्रदान करेगा।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। स्वास्थ्य आपका आज सामान्य रहेगा। आप अपने काम में आज सफल होंगे और खूब मान-सम्मान मिलेगा। आपको अपने दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताने का भी आज मौका मिलेगा। किसी मित्र या संबंधी से मिलने का आज संयोग बन सकता है। वैवाहिक जीवन मे आपके आज प्रेम बना रहेगा और जीवनसाथी से आपको भरपूर सहयोग मिलेगा। आप आज धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे और आप परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा भी कर सकते हैं।

मीन राशि के लिए आज रविवार का दिन अच्छा रहेगा। आप अपने दैनिक कार्यों को पूरा करने के लिए आज तत्पर रहेगे। दिन की शुरूआत में थोड़ी सुस्ती रहेगी लेकिन बाद में काम में गति आ जाएगी। सितारे कहते हैं कि आज आपको कोई खास उपहार मिल सकता है। कोई अच्छी खबर मिलने की वजह से भी आप आज प्रसन्न रहेंगे। आप अपने पार्टनर के साथ बहुत अच्छा दिन बिताएंगे और आपके बीच प्यार और रोमांस का संचार होगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# दीपक अग्रवाल बने प्रदेश उपाध्यक्ष, मनीष रावी को फिर सौंपी सचिव की कमान

## लघु उद्योग भारती ने घोषित की उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी

एनएनआई








**आगरा/अयोध्या।** लघु उद्योग भारती उत्तर प्रदेश की वार्षिक प्रादेशिक कार्यसमिति बैठक शनिवार को अयोध्या में संपन्न हुई। प्रदेश के 75 जिलों से आए लघु उद्यमियों और पदाधिकारियों की उपस्थिति में वर्ष 2025-26 की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस अवसर पर आगरा के लिए गर्व की बात रही कि दीपक अग्रवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष और मनीष अग्रवाल रावी को एक बार फिर प्रदेश सचिव के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी में रविंद्र सिंह (लखनऊ) को प्रदेश अध्यक्ष और अमित अग्रवाल (मुरादाबाद) को महामंत्री नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद, कैबिनेट मंत्री गोपाल दास नंदी और उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम अध्यक्ष राकेश गर्ग विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में उद्यमिता विकास, आत्मनिर्भर भारत अभियान, युवाओं को उद्योग से जोड़ना और लघु उद्योगों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

आगरा से पहुंचे जिला महासचिव राजीव बंसल और कोषाध्यक्ष संजीव जैन भी बैठक में शामिल हुए। बंसल ने कहा, यह आगरा के लिए गौरव की बात है कि हमारे दोनों वरिष्ठ पदाधिकारियों को प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान मिला है, इससे औद्योगिक दृष्टिकोण से आगरा की आवाज और मजबूत होगी।

## ताजनगरी के 15 आयुष चिकित्सकों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिला सम्मान

- गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आयुष सम्मेलन 2.0 में भारत व विदेशों के 150 से अधिक वैद्य शामिल

एनएनआई



**आगरा।** पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल के तहत गोवा स्थित आईटीसी फॉर्च्यून रिसॉर्ट में अंतरराष्ट्रीय आयुष सम्मेलन 2.0 का भव्य आयोजन किया गया। वैद्य समन्वय एवं सहयोग हेतु अंतरराष्ट्रीय परिषद (सीआईवीआईसी ) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इस सम्मेलन में भारत के 18 राज्यों और कई देशों से आए 150 से अधिक आयुष विशेषज्ञों ने भाग लिया। आगरा के लिए यह गौरव का क्षण रहा जब शहर के 15 आयुष चिकित्सकों को उनके समर्पित योगदान और सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गोवा विधायक रेजिनाल्डो लौरेन्सी, केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी रामप्पा टीआर, अमेरिका स्थित विश्व शांति स्नातकोत्तर विश्वविद्यालय के राजनयिक डॉ. सोमशेखर के. और भारत विभाग के प्रतिनिधि डॉ. शोनित भट्ट ने इस आयोजन की सराहना की। उन्होंने इसे आयुष चिकित्सकों को अंतरराष्ट्रीय मंच देने वाला सराहनीय प्रयास बताया। सम्मेलन के विशेष सत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से आयुष क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास और रोगी अनुभवों को लेकर उपयोगी विचार साझा किए गए। वरिष्ठ विशेषज्ञों ने अपने व्यावहारिक अनुभवों से प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। परिषद के संस्थापक डॉ. एमएम कुरैशी ने बताया कि आयोजन में हील हेल्थ सेंटर और अभिषेक जैन ने ज्ञान सहयोगी के रूप में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी घोषणा की कि परिषद देशभर में ऐसे आयोजन जारी रखेगी ताकि आयुष चिकित्सकों को सशक्त मंच व पहचान मिल सके। सम्मेलन में डॉ. प्रकाश वसंतराव शिंदे, डॉ. संदीप शुक्ल, डॉ. जयश्री, डॉ. निरूपमा, डॉ. ऋषि कपूर, डॉ. एल. एन. मिश्रा, डॉ. एके मिश्रा, डॉ. अविनाश सिंह और रमेश श्रीवास (काकाजी) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## यूथ आइकॉन ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित होंगे डॉ. देवांश धनगर

### 23 अगस्त को मुंबई अधिवेशन में मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान



**आगरा (एनएनआई)।** आगरा के प्रतिभाशाली नवाचारकर्ता और सामाजिक प्रेरणास्रोत डॉ. देवांश धनगर को प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (पंजीकृत) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में यूथ आइकॉन ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 23 अगस्त को मुंबई के जुहू स्थित मेयर ऑडिटोरियम हॉल में प्रदान किया जाएगा। महज 11 वर्ष की उम्र में कोडिंग मास्टर बन चुके देवांश ने अब तक 500 से अधिक विद्यार्थियों को निःशुल्क तकनीकी शिक्षा दी है। 12 वर्ष की आयु में उन्होंने जेईई मेन्स में 99.91 परसेंटाइल प्राप्त कर देशभर में मिसाल कायम की। वर्तमान में वे 14 वर्ष की उम्र में बी.टेक की पढ़ाई कर रहे हैं और कई नवाचार परियोजनाओं और मोबाइल एप्लिकेशन पर कार्यरत हैं। वे श्री गिर्राज देवांश एकेडमी के संस्थापक भी हैं। यह प्रतिष्ठित सम्मान समारोह शशि दीप मुंबई द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय महासचिव हैं। यह अवॉर्ड उन युवाओं को दिया जाता है जिन्होंने शिक्षा, तकनीक, समाज सेवा या पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रेरणादायक कार्य किए हैं। डॉ. देवांश की यह उपलब्धि सिर्फ आगरा ही नहीं, बल्कि देशभर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्हें विभिन्न राज्यों से बधाइयां और शुभकामनाएं मिल रही हैं।

## रक्तदान शिविर में नवाचार, सेवा के साथ मिलेगा सुरक्षा का उपहार

- आगरा व्यापार मंडल के तृतीय रक्तदान शिविर में सराफा एसोसिएशनों का सहयोग



एनएनआई

**आगरा।** सेवा, सुरक्षा और समाज के प्रति समर्पण की भावना को समेटे आगरा व्यापार मंडल 31 अगस्त को रामस्वरूप गर्ल्स इंटर कॉलेज, दरेसी नं. 1 पर तृतीय विशाल रक्तदान शिविर आयोजित करेगा। इस आयोजन में अब शहर की सभी सराफा एसोसिएशनों ने भी सहभागिता सुनिश्चित की है। शनिवार को आयोजित समन्वय बैठक में सेव का बाजार स्थित सराफा एसोसिएशन कार्यालय पर व्यापार मंडल पदाधिकारियों और सराफा प्रतिनिधियों ने शिविर को सफल बनाने के लिए संयुक्त रणनीति बनाई। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष टी.एन. अग्रवाल ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा और प्रत्येक रक्तदाता को ब्रांडेड हेलमेट भेंट किया जाएगा, जो उनके मानवीय योगदान का सम्मान और यातायात सुरक्षा का संदेश होगा। सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने शिविर को सफल बनाने के लिए प्रचार-प्रसार, पंजीकरण और वालंटियर सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संस्था के सदस्य स्वयंसेवक बनकर शिविर संचालन में पूर्ण सहयोग देंगे। शिविर संयोजक राजीव गुप्ता ने बताया कि इच्छुक रक्तदाता ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से स्लॉट बुक कर सकते हैं। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, संगठन महामंत्री राकेश बंसल, मंत्री ब्रजमोहन रेपुरिया, योगेश रखवानी, दुष्यंत गर्ग, संजील अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## पलाश के पौधे रोपकर छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- डॉ. आम्बेडकर विवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में आयोजित हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम



**आगरा (एनएनआई)।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद परिसर स्थित वनस्पति विज्ञान विभाग में शनिवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने राजकीय वृक्ष पलाश (ढाक) के 10 पौधे रोपे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाना और लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण की प्रेरणा देना था। यह आयोजन कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन और विभागाध्यक्ष प्रो. रजनीश अग्निहोत्री के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों ने न केवल पौधारोपण किया, बल्कि उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं ली। विशेष बात यह रही कि ये सभी पौधे प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. निखिल चतुर्वेदी द्वारा उनके स्वर्गीय पिता, वनस्पति वैज्ञानिक डॉ. एस.एन. चतुर्वेदी की स्मृति में भेंट किए गए। यह आयोजन उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि भी रहा। इस अवसर पर डॉ. पूर्ति चतुर्वेदी, शैलजा वर्मा, हवजा इम्तियाज, सुनील कुमार, लक्ष्मण स्वरूप, शाहरुख समेत अनेक शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों की संवेदनशीलता को और गहरा किया।

## बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए बजरंग दल कार्यकर्ताओं को किया गया रवाना

- प्रांत सह मंत्री राकेश त्यागी और विभाग संयोजक योगी ठाकुर ने दी शुभकामनाएं




एनएनआई

**आगरा।** बजरंग दल जिला रामबाग के कार्यकर्ताओं का जत्था बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए शनिवार को रवाना हुआ। इस मौके पर रामबाग चौराहे पर प्रांत सह मंत्री राकेश त्यागी और विभाग संयोजक योगी ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर यात्रा की सफलता और कुशलता की शुभकामनाएं दीं। वहीं, एत्मादपुर चौराहे पर विभाग मंत्री नवल किशोर, जिला अध्यक्ष रामेश्वर और कार्यकारी अध्यक्ष रोतेंद्र चौहान ने यात्रियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला संयोजक अनिल शर्मा, सह संयोजक नमित चौहान, सुरक्षा प्रमुख सूरज, शत्रुंजय सारस्वत, विनोद शर्मा, गौरव, जय, शेलू, अशोक, शेखर, दिनेश, राहुल सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। बजरंग दल के कार्यकर्ता शौर्य, धर्म और सेवा की भावना के साथ हर वर्ष बूढ़ा अमरनाथ यात्रा में भाग लेते हैं। यह यात्रा धार्मिक आस्था और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक मानी जाती है।